पर्सेंट को भी देखेंगे तो वे 12 किलोग्राम खा रहे हैं। आप उसमें क्या दे रहे हैं? 5 किलोग्राम। हल्ला सारी दुनिया में मचाया जा रहा है कि हमने देश को भुखमरी से सुरक्षित कर दिया, फूड सिक्योरिटी दे दी। कितनों को दी है? सब को नहीं दी है। प्रबोध पांडा जी ने ठीक कहा था कि यूनिवर्सल नहीं है। आप कुछ पर्सेंटेज को दे रहे हैं। आपका कहना है कि अधिकतम आप देंगे तो 75 पर्सेंट गांवों में देंगे और 50 पर्सेंट शहरों में देंगे। शहरों में तो अनाज होता नहीं है, गांवों में तो थोड़ा मिल भी जाएगा। जो 50 पर्सेंट शहरी है, वह क्या खाएगा? मैं तो अनाज पैदा नहीं करता हूँ और शहर में रहता हूँ तो क्या मैं रूपया खाऊंगा? कोयला खाऊंगा? तेल खाऊंगा या स्पेक्ट्रम खा कर खुश रहूँगा? अनाज हरेक को चाहिए। यूनिवर्सल फूड सिक्योरिटी, यही उद्देश्य देश का होना चाहिए। आप कहें कि हम नहीं दे सकते हैं, यह समझ में आ सकता है। आप फिर उसको यह हल्ला मत मचाइए कि हमने सारे देश को भूख से मुक्त कर दिया है और फूड सिक्योरिटी कर दी और फिर बहुत शोर मचा कर उसे बांटा जा रहा है। हम भी बांटते रहे हैं और सरकारें भी दे रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार 90 प्रतिशत आबादी को कवर करती है। चाहे जो जाए, उसको पांच रूपये में भर पेट खाना देती है। पीडीएस में सुधार कर दिया। डिलिवरी सिस्टम में सुधार कर दिया। प्रोक्योरमेंट में सुधार कर दिया। प्लानिंग कमीशन ने कहा कि यह सबसे अच्छा मॉडल है। आप इसको लीजिए। उसको आप नहीं ले रहे हैं। अगर आप कहते कि हम पीडीएस में सुधार के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल लेंगे तो मुझे खुशी होती। 90 प्रतिशत लोगों का कवर करना अच्छी बात है। एक छोटा स्टेट, जो नक्सलियों से भी पीड़ित है, जो बहुत गरीब स्टेट था, अगर वह 90 प्रतिशत लोगों को पांच रूपये में भरपेट क्वालिटी फूड दे रही है, तो उसको हम अच्छा माने क्योंकि वह ज्यादा बड़ी फूड सिक्योरिटी है। मैं तो उनसे भी कहता हूँ कि 100 पर्सेंट कर सको तो बहुत अच्छा है। उन्होंने 90 प्रतिशत किया है, 100 परसेंट कीजिए। भोजन तो हर एक को चाहिए। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि "Everything else can wait, but not agriculture." यह उनके पहले भा-णों में से एक भा-ण है, आपने उसकी तरफ भी ध्यान नहीं दिया, आप उसे उस तरफ भी ले जाना नहीं चाहते। आप कैसे फूड सिक्योरिटी दे रहे हैं, किस तरह की फूड सिक्योरिटी दे रहे हैं? यह मैं आपको बता रहा हूं कि यह व-र्ा 2007 का राउंड है। आपने व-र्ा 2009 में बिल बनाया था, व-र्ा 2011 में आपने पेश किया। व-र्ा 2009 में जब आपने कहा था तो यह सब तो आपके सामने था, लेकिन आपने इस पर क्या किया, यह मेरी समझ में नहीं आता। अब इसमें सवाल उठता है, आपकी इसकी और तमाम ऐसी धाराएं हैं, जिन्हें अगर आप देखेंगे तो इनसे बहुत परेशानी होगी।। पहले तो आपने इनडिविजुअल हाउसहोल्ड्स कर दिया, इनडिविजुअल हटा दिया हाउसहोल्ड कर दिया। यह भी एक परेशानी का कारण है। आपने ऐसा क्यों कर दिया, इनडिविजुअल क्यों नहीं, एक आदमी क्यों नहीं? Every person

belonging to priority households- अगर किसी का हाउसहोल्ड नहीं है, सिंगल है तो, उसका कोई हाउसहोल्ड होगा या नहीं, हाउसहोल्ड में सिंगल आदमी होगा या नहीं, सिंगल महिलाएं होंगी या नहीं,...(व्यवधान) कोई बुजुर्ग सिंगल होगा या नहीं।...(व्यवधान) यह आप मुझे बताइये। हाउसहोल्ड आइडेंटिफाइड नही है और उस हाउसहोल्ड में एवरी पर्सन, अब पहले आप यह बता दीजिए कि हाउसहोल्ड डज इट इंक्लूड, अगर एक आदमी है तो उसे भी आप हाउसहोल्ड कहेंगे। अगर हाउसहोल्ड है, चार आदमी हैं तो उसमें से हर-एक को आप पांच दे रहे हैं, लेकिन अगर कोई अकेला है तो वह हाउसहोल्ड माना जाये यानी हाउस की परिभा-ा क्या है, हाउसहोल्ड किसे कहेंगे?...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इस तरह नाराज मत होइये।

...(व्यवधान)

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : आप सेकेंड शेड्यूल में न्यूट्रिशनल स्टैंडर्स दे रहे हैं। अब आप इसमें देखिए, 'Children - 6 months to 3 years - take home ration is 500 kilo calories' तो यह कितने दिन के लिए है, 500 किलो कैलोरी एक समय के लिए होगा। अब 500 किलो कैलोरीज में कितना अनाज आयेगा, वही 1.66, जबकि 2100 कैलोरी में आप केवल 5 किलोग्राम दे रहे हैं। यह आप क्या कर रहे हैं? बच्चे का राशन भी वही, बड़े का राशन भी वही और इसमें आप स्टैंडर्ड कौन सा दे रहे हैं? न्यूट्रिशन स्टैंडर्ड फॉर चिल्ड्रन- कहां है न्यूट्रिशन स्टैंडर्ड तो उसे आप कहते हैं fortified food, ready to eat food. यह क्या बात है? यह रेडी टू इट फूड कौन देगा, इसे कौन बनायेगा? इसे वही बड़ी कम्पनियां बनायेंगी। उसे कोई आम आदमी नहीं बनाता है। रेडी टू इट फूड, न्यूट्रिशनल फूड, फोर्टिफाइड फूड, मैं बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कम्पनियों के विज्ञापन पढ़ता हूं, जिसमें लिखा हुआ है कि यह फोर्टिफाइड फूड है, यह बच्चों के खाने के लिए बहुत अच्छा है। जैसे ही आपका बिल आया, विज्ञापन आने शुरू हो गये वहां पर कि यह हम दे रहे हैं। मुझसे कुछ डॉक्टर्स ने कहा कि आप इस क्लॉज का विरोध क्यों कर रहे हैं, मैंने कहा क्यों, वे बोले कि यह तो फोर्टिफाइड फूड है। मैंने कहा कि आपको कहां से यह ज्ञान मिला है, इलहाम हुआ कि फोर्टिफाइड फूड सिर्फ बड़ी कम्पनियां ही बना सकती हैं। आप कहते हैं 6 मंथ्स टू 3 इयर्स, अब 6 महीने तक तो आप उसे फोर्टिफाइड फूड देते हैं केवल ब्रेस्ट फिडिंग, उसमें तो कुछ खाना देना नहीं, आप उसे स्तनपान करा रहे हैं। उसके बाद आप उसे फोर्टिफाइड फूड दे रहे हैं, यह 6 महीने से 3 साल का बच्चा, आप उसे क्या राशन देंगे? उसका राशन, उसका अनाज क्या होना चाहिए, इसकी कोई परिभा-ा नहीं है। क्या उसे भी आप गेंहू और चावल वैसे ही दे देंगे, उसके लिए आप क्या देंगे - 'children 3 to 6 years. Morning snacks and hot cooked meal, यह गरीब जनता मॉर्निंग स्नैक्स कहां से लायेगी? कहते

हैं कि उसके लिए भी आपको 500 किलो कैलोरी चाहिए तो अनाज क्या दें, प्रोटीन 12 से 15 ग्राम चाहिए, कहां से लायेंगे, कहीं व्यवस्था नहीं है, वही बड़ी कम्पनियां, फोर्टिफाइड फूड, मल्टीनेशनल, बड़े व्यापारी, बड़े कान्ट्रेक्टर्स ये खाना देंगे। Children, 6 months to 6 years, who are malnourished, take home ration 800 kilo calories. 20 टू 25 ग्राम प्रोटीन- यह कहां से आयेगा? क्या आप दाल का पानी पिलायेंगे, चिकन सूप पिलायेंगे, क्या करेंगे? आप मुझे बताइये कि इसे आप कहां से लायेंगे, यह प्रोटीन आप उसे कहां से देंगे? आपने इसमें कहीं दाल का इंतज़ाम नहीं रखा है, कहीं प्रोटीन का ज़िक्र नहीं किया है। बड़े आदमी को भी तो प्रोटीन चाहिए। अगर बच्चे को आपने प्रोटीन खाने की आदत डाल दी और फिर बड़े आदमी को नहीं दिया तो यह तो और गड़बड़ होगा। यह आप क्या करने जा रहे हैं? फिर लोअर प्राइमरी क्लास में हॉट कुक्ड मील 450 किलो कैलोरी है, इसको आपने और कम कर दिया और 12 ग्राम प्रोटीन कर दिया। 20-25 से घटाकर एकदम 12 ग्राम कर दिया। यानी लोअर प्राइमरी क्लास में पहुँचते ही उसके भोजन में भी कमी हो गई और प्रोटीन में भी कमी हो गई। फिर अपर प्राइमरी क्लास में फिर बढ़ गया - हॉट कुक्ड मील 700 किलो कैलोरी हो गया और प्रोटीन 20 ग्राम हो गया। हमें यह बताया जाए कि इसका क्या आधार है, क्या बनावट है? यह खाना क्या होगा, कहाँ से आएगा? यह गाँवों में तो बनता नहीं है। आप 75 प्रतिशत गाँवों की आबादी को इससे आच्छादित करने जा रहे हैं। अगर आपने किसी सूबे में 25 परसेंट लोगों को ही खबर किया तो भी वह 25 परसेंट में किस गाँव में हॉट कुक्ड मील, स्नैक्स तैयार करके मिल सकता है या दिया जा सकता है? आपसे मिड डे मील्स में तो दिया नहीं जा रहा है, यहाँ कैसे दे देंगे? इस तरह की बातें करके इस विधेयक को लुभावना बनाने की कोशिश की गई है। प्रबोध पांडा जी ठीक कह रहे थे कि जनता को गुमराह किया जा रहा है, उसको सब्ज़-बाग दिखाया जा रहा है, यूटोपिया दिखाया जा रहा है, एल-डोरेडो दिखाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि देखो इतना अच्छा किया है। कैसे दे पाएँगे, कौन सा मैकेनिज़्म आपके पास है? कौन देगा इसको? क्या राशन की दुकान पर यह मिलेगा? क्योंकि आपने पीडीएस को तो खत्म किया नहीं है, पीडीएस तो यथावत है। तो क्या पीडीएस में ऐसी कोई ब्रांच होगी जहाँ यह खाना पहुँचेगा। आपका उद्देश्य है रेडी टु डिलीवर होम - घर पर जाकर खाना मिलेगा, यह आपके उद्देश्यों में से एक है। तो कौन इसको लेकर बच्चों के घर जाएगा, कौन आदमी प्रैगनैन्ट विमैन के लिए पो-नक भोजन लेकर घर जाएगा, होम डिलीवरी कैसे होगी, इसका कहीं ज़िक्र नहीं है। फिर किसी ने ग्रीवैन्स कर दी कि मुझे घर में नहीं मिल रहा है तो उसका मुकदमा पाँच व-र्ं में होगा। तब तक उसका बच्चा भी आगे चला जाएगा और उसकी संतान भी होती चली जाएगी। यह आप क्या कर रहे हैं? कोई काम तो ऐसा समझदारी से कीजिए कि लोगों की समझ में आए आप ठीक-ठाक कर रहे हैं, आप उचित

कर रहे हैं, आप लोगों को वास्तव में सद्भावना के साथ दे रहे हैं। इसी को देखकर मुझे कभी लगता है कि यह फूड सिक्यूरिटी बिल नहीं है, यह वोट सिक्योरिंग बिल है। ...(व्यवधान) यह वोट सिक्योरिंग बिल है कि चलो दिखाओ। गेम चेन्जर बिल है। यानी सिक्योरिटी चेन्जर बिल नहीं है, गेम चेन्जर बिल है। कौन सा गेम चेन्जर है? कौन सा गेम चेन्ज होगा मुझे बताइए। वरना 2009 में जब आपने कहा था कि हम यह बिल लाएँगे तो आपको 2009-10 में यह बिल लाना चाहिए था और उसके साथ-साथ देश भर में बहस करनी चाहिए थी। अब आप देखिये कि आप क्या चीज़ें कर रहे हैं। कभी आप कहते हैं कि केन्द्रीय सरकार इस बात को तय करेगी कि किस राज्य में कितने लोग इसके अंतर्गत आच्छादित होंगे। मैं समझता हूँ कि यह तो फैडरल स्ट्रक्चर के खिलाफ है। क्या यह आप तय कर देंगे कि हम तो आपको 21 परसेंट पर देंगे और राज्य चिल्ला रहा है कि हमारे यहाँ 50 परसेंट है। आप कहेंगे कि बाकी तो आप तय करिये कि कहाँ से लाएँगे, कैसे करेंगे, क्या करेंगे, हमारी गारंटी तो इस 21 परसेंट की है। कुछ राज्यों को जहाँ मिल रहा है, आप कह रहे हैं कि हम देंगे। अनाज उतना देंगे जितना उनका एनटाइटलमैन्ट है, लेकिन अगर उनके यहाँ संख्या बढ़ती है तो कहते हैं कि हमारे यहाँ संख्या ज़्यादा है, हमारी पावर्टी ज्यादा है। तो आप कहेंगे कि तुम्हारी पावर्टी हमने तय कर दी है। आपने कैसे पावर्टी तय की है, वह भी मैं आपको सुनाता हूँ। यह आपकी ही रिपोर्ट है सक्सैना साहब की। यह बड़ी महत्वपूर्ण रिपोर्ट है, आजकल आप इसका ज़िक्र नहीं करते हैं, आप लोग तेन्दुलकर कमेटी का ज़िक्र करते हैं। यह सक्सेना कमेटी की रिपोर्ट है, मैं इसको पढ़ रहा हूँ। It says: "Universal *versus* targeted approach - और उसमें वे कहते हैं - We respect the view that all basic entitlements should be universal." … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: I would like to interrupt you for a minute. I want to give the ruling.

As per Rule 358 (2), a Member cannot speak more than once on a motion except by way of reply. As per practice, therefore, if a combined discussion takes place on a Statutory Resolution to disapprove an Ordinance and a Bill to replace the Ordinance, the Member, moving the Resolution, can speak on both the Bill and the Resolution. This is to facilitate saving of time. In the past, in all such cases, we have followed the same practice. I, therefore, rule out the point of order. मुरली मनोहर जोशी जी, हमने इसलिए इसको अभी पढ़ा कि आप दोनों पर बोल सकते हैं।

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: I was just saying in case he wants to. I am giving him an option.

Now Dr. Joshi, you may continue.

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : ठीक है। वे कहते हैं -

> We respect the view that all basic entitlement should be universal. We believe that the Directive Principles of State Policy in the Constitution should never be compromised or undermined; instead they need to be realized, strengthened and further taken forward.... ”

फिर कहते हैं -

> “Food for all, health for all, education for all, work for all – these should be taken as the bottom line ”

ये न्यूनतम गारंटी होनी चाहिए, किसी भी एक जनतांत्रिक देश की, आधुनिक देश की, वहां के नागरिकों के लिए। फिर कहते हैं -

> “The BPL identification exercise should under no circumstances be used to dilute these principles.”

क्या बीपीएल की संख्या ऊपर से कम कर दें, बढ़ा दें, घटा दें, इन प्रिंसिपल्स को डॉयल्यूट करने के लिए ये उचित नहीं है।

> “It may be worthwhile to quote here from the recent address of President of India to the Parliament, who has also echoed these sentiments. She said: ‘My Government proposes to enact a new law – the National Food Security Act’– that will provide a statutory basis for a framework which assures food security for all. ”
> I repeat ‘food security for all.’ This is the commitment to the Parliament by the hon. President of India.

भारत के महामहिम रा-ट्रपति जी ने यहां इसी सदन में 2009 के जून महीने में ये हमको कहा था कि जो बिल आएगा, “That will be food security for all” आप उसको भी वॉयलेट कर रहे हैं, आप अपने स्वयं के वायदे को वॉयलेट कर रहे हैं। आपको तो देश से क्षमा मांगनी चाहिए थी कि भाइयों, बहनों और देशवासियों, हम नहीं कर सके। हमने कहा था जरूर, कोशिश की, मगर नहीं कर सके। आप कह रहे हैं कि नहीं, हमने करके दिखा दिया, क्या करके दिखाया, मेरी समझ में नहीं आ रहा। फिर कहते हैं -

> “Thus food security is needed for all, and not only for those who are officially below the poverty line. This issue is particularly relevant for combating food related hunger, because as we will argue later in

> this section, the number of food deficit people is, at least, double the number of officially declared poor in India."

आप जो 21 परसैंट, 27 परसैंट, 22 परसैंट, 25 परसैंट कर देते हैं, उससे दोगुना है। आगे इन्होंने कहा है, पूरी थ्यौरी डिसकस की है कि कैलोरिक कंजम्प्शन से और एक्सपेंडीचर कंजम्प्शन से किस तरह से फर्क हो सकता है, हो जाता है और किया गया है। इसमें आगे चल कर वे कहते हैं -

> "The national poverty line at 2004-05 prices was taken as Rs. 356 *per capita* per month in the rural areas and Rs. 539 *per capita* in the urban areas. As is evident from the above Table, this level of income would have permitted both the rural and urban people to consume just about 1820 kcalories..."

जब कि 24 सौ कैलोरी और 21 सौ कैलोरी का नाप होना चाहिए।

> "...whereas to consume the desired norm of 2400/2100 kcalories the cut-off line for determining BPL status should have been around Rs. 700 in the rural areas, and Rs. 1,000 for the urban areas."

ये बोल रहे हैं। फिर आगे चल कर वे कहते हैं, सारे उन्होंने स्टेटिस्टिक्स दिए हैं लेकिन सबसे इम्पोरटेंट जो बात है, जब इन्होंने डेटा बताया और ये कहा कि 50 परसैंट इस देश में पावर्टी लाइन में हैं, इनकी जो रिपोर्ट थी, उसके मुताबिक,

> "Assessing the data that we have presented above, Dr. Pronab Sen, Chief Statistician and Secretary, Department of Statistics and Programme Implementation, Government of India has concluded that 'it is indubitably true that the *per capita* calorie intake of the poverty line classes practically all over the country has declined significantly between 1972-73 and 1999-2000..."

15.00 hrs.

And, in 1999-2000, he further observes:

"The current value of the poverty line does not permit the poverty line class to consume the calories than the norm and the periodic price corrections that have been carried out to update the poverty lines are inadequate and indeed may be even inappropriate. Consequently, the poverty estimates made in the year after 1973-74 understate the true incidence of poverty in the country."

आपका सैक्रेटरी बोल रहा है, स्टैटिस्टिक्स का सैक्रेटरी बोल रहा है, जिसके आधार पर आप सारे आंकड़े लाते हैं कि वह नहीं होता है। फिर वह कहता है कि

"Thus, there is a compelling case for re-estimating the poverty lines. The proportion of poor people living below the official poverty line declined from 56 per cent in 73-74 to 35 per cent in 93-94 and further to 28 per cent in 2004-05 whereas there has been no decline in the number of people consuming less calories than the norm. The set of food insecure in India is larger than the set of officially declared poor in India."

अब इसके बाद जो और असली की बात है determining the total number of BPL families. आप इण्डीविजुअल से फैमिलीज़ पर आ गये। उसकी बहस में मैं नहीं पड़ता, लेकिन सबसे इम्पोर्टेंट बात मैं यह कहता हूं कि जब यह कमेटी की मीटिंग हो रही थी तो उसमें जो प्लानिंग कमीशन के नुमाइन्दे थे, सरकारी अधिकारी, उन्होंने एक अपनी सिफारिश भेजी, वह क्या है?

"We received a comment on our draft report from the distinguished member of the Expert Group representing Planning Commission suggesting that "the matter of fixing the percentage of people below poverty line is beyond the scope of the present Committee.""

पहले तो उन्होंने इस कमेटी पर ही यह कह दिया कि आप यह पावर्टी लाइन का स्कोप कैसे डिटरमिन कर रहे हैं, इसका आपको अधिकार ही नहीं है।

"It has been handled by a separate Committee headed by Shri Tendulkar. While the arguments given are plausible, it still remains in the domain of Tendular Committee which undoubtedly will consider all these issues raised."

यानि आपके तर्क तो ठीक-ठाक हैं, लेकिन अभी छोड़िये, तेंदुलकर इस पर आगे विचार कर लेंगे। तेंदुलकर कब विचार करेंगे, 2014 में। The report is expected to come in 2014, perhaps, after December elections.

> "Needless to say, however, desirable it may seem…"

कितनी अच्छी बात आगे कह रहे हैं, उसको गौर से सुनिये।

> "Needless to say, however, desirable it may seem, fixing the percentage at 50 per cent will still be considered arbitrary. It also has tremendous financial implications."

असली बात यह है। गरीबों की तादाद तो 50 परसेंट है, लेकिन उनको भोजन देने, उनको सुविधा देने के लिए हमारे पास पैसा नहीं है। हमारे पास पैसा है, कारपोरेट हाउसेज़ को 5-5 लाख रुपये की हर साल रेवेन्यू फोरगोन करना।...(व्यवधान) हां, पैसा है न, तभी तो आप उनको दे रहे हैं, लेकिन इनके लिए पैसा नहीं है। फिर आगे सुनिये-

> "It also has tremendous financial implications and once granted cannot be reduced."

अगर एक बार आप मान लेंगे कि 50 परसेंट है तो फिर उसका घटाना बड़ा मुश्किल हो जायेगा।

> "As such, it was recommended that 20 per cent variation may be allowed, which will bring up the poverty figure to approximately 35 per cent."

यानि आप घटा दीजिए, आपने 50 परसेंट कहा है, 20 परसेंट तो प्लस-माइनस हो ही सकता है। इसलिए 50 के बदले इसे 35 कर दीजिए।

> "It shall be better to stick to the figure of 35 per cent and amend it upwards if Tendulkar Committee comes up with a figure which is higher."

यानि आप ऐसी बात कर रहे हैं, बी.पी.एल. की फीगर्स के साथ, गरीबों की संख्या घटाना-बढ़ाना, उसको मैनीपुलेट करने का हक आप अपने पास ही रख रहे हैं। अब आप देखिये, कमेटी क्या कहती है-

> "We beg to differ with the above contention. Terms of reference for our Group were decided in consultation with the Planning Commission. These specifically mandate the Group to look at the relationship between estimation and identification of poor an issue, of putting a limit on the total number of BPL families to be identified."

आपने उनको टर्म्स ऑफ रैफरेंस दी, वे जब सही बात कह रहे हैं, जब वे हकीकत बता रहे हैं तो आप कह रहे हैं कि यह मत बताओ भइया, खर्चा बहुत होगा, लेकिन हमें कुछ तो करना है। आखिर चुनाव के लिए लोगों के सामने जाना है, इसलिए पचास मत रखो, इसे पैंतीस पर ले आओ। अगर तेंदुलकर साहब कहेंगे कि यह पैंतीस नहीं है, चालीस है, तो चालीस है। आप गरीबों के साथ इस तरह की हेराफेरी क्यों कर रहे हैं? जो मुल्क की हकीकत है, उसे आप देश के सामने क्यों नहीं रख रहे हैं? अगर आप लोगों से साफ-साफ कहें, सदन से कहें, सारे देश से कहें कि हकीकत यह है, आओ मिलकर रास्ता निकालें तो शायद रास्ता निकल सके। लेकिन आप यह दिखाना चाहते हैं कि सिर्फ आप और आप हिंदुस्तान के गरीबों के मददगार हैं और बाकी सब लोग उनकी चिंता नहीं करते हैं।

मैंने आपको बताया कि छत्तीसगढ़ जैसी छोटी स्टेट नब्बे परसेंट लोगों को खाना दे रही है। वह चिंता उसको है, उसको असलियत मालूम है, वह हकीकत के साथ बात कर रही है, तमिलनाडु की सरकार दे रही है, गुजरात में बहुत लोगों को दिया जा रहा है, और भी राज्य हैं जहां बहुत से लोगों को ये चीजें दी जा रही हैं। ...(व्यवधान) पंजाब और मध्य प्रदेश हैं, ये तमाम सरकारें हैं जो अपने यहां गरीबों की असली संख्या को जानकर उनको ये चीजें दे रहे हैं। ...(व्यवधान) तमिलनाडु यूनिवर्सल दे रही है, मैंने कहा। आज सवाल यह है कि जब ये राज्य दे सकते हैं, छत्तीसगढ़ दे सकता है, तो आप क्यों नहीं दे सकते हैं? आप जिन चीजों पर खर्च करना चाहते हैं, आप अपनी प्रायोरिटीज को उसके बारे में पहले तय करिए, तब फिर यह बात होगी।

आप देखें कि हमारी हालत क्या है? दुनिया के ग्लोबल इंडेक्स के बारे में देखें। एक रिपोर्ट आयी थी, उसके एक सदस्य मिस्टर साईं नाथ कहते हैं, He says:

> "An astonishing amount of discussion on the subject of BPL in almost all platforms finally gets reduced to: how do we exclude people? How to prevent leakage? Complex criteria are drawn up to achieve this. Some get greatly exercised over the 'undeserving' poor claiming BPL benefits."

वह कहते हैं कि बहुत से अनडिजर्विंग गरीब हैं, जो बीपीएल में क्लेम करना चाहते हैं। वे कौन से अनडिजर्विंग गरीब हैं?

> "Poverty-free Dharavi: The last time such an exercise was put to use by Government. Dharavi, perhaps the biggest slum in the world and with a population of over a million, ended up home to just 141 BPL card holders."

दस लाख की आबादी में सिर्फ 141 बीपीएल होल्डर्स वहां रहते हैं। अगर यह गरीबी की हालत है तो फिर हिंदुस्तान में सारे ही अमीर हैं। गृह मंत्री जी आपके राज्य की बात है। धारावी, 141 बीपीएल कार्ड होल्डर्स हैं। ये आपकी गिनतियां हैं। ये दस लाख में से हैं। ...(व्यवधान) लोग कहते हैं कि बीपीएल कार्ड का मिसयूज हो रहा है, इसलिए हम ऐसा कर रहे हैं। How serious would be such a misuse? How many of the better off would stand in queues for rice for Rs.2 a kilogram?

अगर हममें से कोई आदमी दो रूपए प्रति किलोग्राम खरीदने के लिए लाइन में लगता है, तो वह वाकई गरीब है, फिर तो उसको जरूरत है भाई। अगर उसको दो रूपए प्रति किलोग्राम खरीदना है और वह गरीब बनकर वहां जा रहा है, तो क्या कहेंगे कि वह वाकई गरीब है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। It is not possible.

आप ही की बनायी हुयी कमीशन है, अर्जुन सेन गुप्ता आप ही के सदस्य थे। Again, I quote it from his Report:

> "In a country where 836 million people get by on less than Rs.20 a day, how many 'undeserving' poor would there be who would want to 'misuse' it? India ranks 66th amongst 88 developing nations in the Global Hunger Index of the International Food Policy Research Institute, that is, just one notch above Zimbabwe which has seen food riots."

आप सिर्फ जिम्बाबवे से एक ऊंचे हैं, जिंबाबवे में उसी साल फूड राइट्स हुए थे, तो वह कहते हैं कि आप जरा गौर कर लीजिए, आपकी हालत किसके साथ है। Even Bhutan and Nepal are higher than us.

> "We also rank 132 in the United Nations Human Development Index, that is, one rung below Bhutan."

यह इस देश की हालत है। आप यहां गरीबों की गिनती को ठीक नहीं करना चाहते हैं। आप यह कहना चाहते हैं कि गरीब घटते चले जा रहे हैं, गरीबों की संख्या कम होती चली जा रही है। हकीकत ऐसी नहीं है।

Economic Survey of Maharashtra for 2008-09 shows that the number of people below the official poverty line has been steadily growing even as its dollar

billionaires have proliferated. वहां पर खरबपतियों की संख्या वह भी डॉलर में बढ़ रही है और उसी अनुपात में वहां गरीबों की संख्या भी बढ़ रही है। यह है हिंदुस्तान की अमीरी और गरीबी का नक्शा। एक तरफ ...(व्यवधान) हां, वह तो है। रुपया उस मात्रा में धट रहा है, जिस मात्रा में गरीबी बढ़ रही है। कहते हैं कि it has now the third highest number of poor in the country in absolute terms ahead of only Uttar Pradesh and Bihar. Over the years the State has steadily excluded more and more people from PDS-BPL access. ये नतीजा है। आपने धारावी में 10 लाख आदमियों में से सब को बाहर कर दिया और 141 वहां बचे। यहा क्या है? गरीबी घट रही है। मुझे याद आता है, जब मैं अध्यापन करता था, यह सवाल उठा कि कुछ विश्वविद्यालयों में छात्रों की फेल होने की संख्या ज्यादा है, तो एक प्रपोजल यह दिया गया कि आप पास मार्क को घटा दीजिए। ...(व्यवधान) मार्क्स 40 परसेंट से 33 परसेंट कर दीजिए, 33 परसेंट से 25 परसेंट कर दीजिए, तो पास वालों की संख्या बढ़ जाएगी। ...(व्यवधान) इसी तरह से पॉवर्टी लाइन का जो बेंच मार्क है, उसे नीचे कर दीजिए, तो लोग पॉवर्टी लाइन के ऊपर आ जाएंगे। कंजम्पशन कम कर दीजिए, कैलोरी इंटेक कम कर दीजिए। अब आप कहने लगे कि 2400 कैलोरी और 2100 कैलोरी का नॉर्म्स ठीक नहीं है, इसको घटाइए, तो ठीक है, आप इस सीमा रेखा से ऊपर निकल ही जाएंगे, उसमें दिक्कत क्या है? कोई परेशानी नहीं है। हमें दुःख होता है, तकलीफ होती है, अफसोस होता है कि हम इस पार्लियामेंट में देश के सामने सच्ची बातें नहीं रखना चाहते, सच्ची तस्वीर नहीं रखना चाहते।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप सरकार को इस बारे में दिशा-निर्देश दीजिए, संकेत दीजिए। इस सदन में देश की हकीकत सामने आनी चाहिए। रास्ते निकलने चाहिए। भूख केवल किसी एक पार्टी की नहीं है। भूख केवल किसी एक समाज की नहीं है। भूख केवल किसी एक राज्य की नहीं है। भूख बड़ी खतरनाक चीज है। भूख ऐसी खतरनाक चीज है कि जब भूख की ज्वाला पेट में उठती है, तो फिर इस संसद की दीवारों पर उसका असर आता है। मैं बिल्कुल विनम्र शब्दों में कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान) आप देखिए, आप ज्वालामुखी के ऊपर बैठे हुए है। आज आप अनाज की बात कर रहे हैं। आपकी अनाज की पैदावार क्या है? मैं आपको बताऊं। आपके अनाज की पैदावार है - वर्ष 2012-13 में कुल खाद्यान्न 255.36 मिलियन टन हुआ है, जिसमें 104.22 मिलियन टन धान था, 92.46 मिलियन टन गेहूं था, मोटा अनाज 40.6 मिलियन टन था और दलहन 18.45 मिलियन टन था। ये कुल मिला कर 255.36 मिलियन टन है। ...(व्यवधान) आप के देश की आबादी 1 अरब 20-25 करोड़ है। उसके हिसाब से सिर्फ 218 किलोग्राम परकैपिटा, पर इयर है।

कृ-ि मंत्री जी आपके विभाग में कानून है - फेमिन कोड ऑफ इंडिया, अपने सेक्रेट्री से कहिए कि इसे करे। व-र्ा 1860 का बना हुआ फेमिन कोड कहता है कि 200 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति थ्रेशहोल्ड ऑफ फेमिन। अगर इससे कम हुआ तो अकाल। यह मिनिमम है। आप के देश में संतुलन बनाए रखने के लिए, इससे कम नहीं होना चाहिए। परकैपिटा अनाज के मामले में, जहां आप व-र्ा 1947 में थे, आप आज वहीं हैं। किसानों की मेहनत के लिए सारे देश को अभिनंदन करना चाहिए कि उन्होंने बढ़ती हुई आबादी के साथ, अधिक अनाज पैदा कर खाना खिला दिया। लेकिन यह हमारे और आपकी वजह से नहीं हुआ। हम तो वहीं हैं। हम कितना ही शोर मचाएं कि हमने देश में इतना अनाज पैदा कर दिया, That is despite of us and despite of you. किसान ने अपनी मेहनत से अपने-आप को भूखा रख कर, आत्म हत्या कर के हमको भोजन दिया है, इसको समझिए। आप इस देश की बात कर रहे हैं। इस देश के शास्त्रों ने, उपनि-ाद् ने, पुराने ऋ-ि-मुनियों ने आदेश दिया था, अन्नम बहुकुर्वी, बहुत अनाज पैदा करो। अन्नाज इसलिए बहुत पैदा करो, ताकि मनु-य, पशु, पक्षी, कीट-पतंग, कुत्ता, बिल्ली, गाय, कबूतर और चिड़िया खाएं। सब का नाम ले कर, वे कहते हैं। यह हमारे तैतरीय उपनि-ाद् का वाक्य है। वे क्या कहते हैं, इसको समझिए। आप किस देश के निवासी हैं? The next and the last *anuvak* of the Upanishada is resplendent with respect for *ann*, with the discipline of offering *ann* to all those who arrive at the door, at the doorstep of the society, of the Government and with descriptions of the joy and bliss of the one who follows that discipline. यानी भोजन सबको दीजिए, कोई भूखा न रहे। आगे चलकर वे कहते हैं, सबसे महत्वपूर्ण चीज है कि किसी भी राज्य में अगर कोई व्यक्ति, वह बच्चा जो टुकुर-टुकुर देख रहा है कि लोग सामने भोजन कर रहे हैं, सुस्वादु भोजन कर रहे हैं, चटखारे लेकर भोजन कर रहे हैं और यह बच्चा केवल देख रहा है। वह कहता है ऐसे राज्य को न-ट हो जाना चाहिए जहां के बच्चे दूसरों को खाते हुए देखकर अपने पेट की ज्वाला से संतु-ट नहीं हो सकते।...(व्यवधान) उन्होंने कहा है कि ऐसा नहीं होना चाहिए। एक भी देश ऐसा नहीं रहना चाहिए। आगे चलकर उन्होंने और बात कही है कि किसी देश में कोई छात्र भूखा नहीं रहना चाहिए। अगर कोई ऐसा भूखा रहता है तो वह कहता है कि उस राजा को जीवित रहने का अधिकार नहीं है।...(व्यवधान)

चिदम्बरम जी यहां उपस्थित नहीं हैं। वे अक्सर तिरुवल्लूवर को कोट करते हैं।...(व्यवधान)

कई माननीय सदस्य : वे यहां उपस्थित हैं।...(व्यवधान)

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : मेरा उनसे भी निवेदन है कि वे पढ़ लें।

It says that : "Wretched is the man of poverty who begs, more wretched is he who merely closes the door on the hungry and feeds no one."

फिर उपनि-ाद कहता है कि जो अकेला खाता है, वह पापी है। दूसरे को बिना खिलाए, दूसरे को भूखा रखकर जो खिलाते हैं...(व्यवधान) सवाल यह है...(व्यवधान) आप देखिए, मैं आपको बताता हूं कि आपस्तम्ब ने क्या कहा था। व-र्ा 2001 में एग्रीकल्चर पर साइंस कांग्रेस थी। मैं साइंस मिनिस्टर था। मैंने जो अपना भा-ाण समाप्त किया था, उसमें आपस्तम्ब को कोट किया था। वह कहता है --

नवाश्यबिशेत् सुधारोगेण,
हिमतापाभ्याम वावशिदभेव,
बुद्धिपूर्वाकश्चित्।

It means that : "Let no one should suffer from hunger and disease, or from extremes of heat and cold. No one in the Kingdom ought to suffer thus, either because of the general scarcity or because of specific design against him."

आप दोनों काम कर रहे हैं - आप स्केयरसिटी पैदा कर रहे हैं और एक डिजाइन भी पैदा कर रहे हैं। आप नीतियां ऐसी बना रहे हैं कि इस देश की बहुत बड़ी जनसंख्या गरीब और भूखी रहे। वह डिजाइन नहीं है। आप उनके बाद उनको लालच दिखाकर, उनके सामने सारा बिल पेश करके, उनको लुभाकर एक ऐसा माहौल पैदा करना चाहते हैं कि आप भूखे थे, हम आपको दे रहे हैं। जी नहीं, यह आपका कर्तव्य है। हम और आप जो आज यहां संसद में बैठे हैं, हम सबका कर्तव्य है। मैं यह नहीं कहता कि इस संसद का कर्तव्य है। हां, अगर उन्होंने भूखे किए हों, तो हम कोशिश करेंगे कि भूख मिटाएं, मिलकर कोशिश करेंगे। इसे समझ लीजिए।

आगे देखिए, बहुत मजेदार-मजेदार बातें कहते हैं। आपने बिल में कहा कि किसानों के लिए आपको बड़ी हमदर्दी है। क्या कहने, इतनी हमदर्दी।...(व्यवधान) सैक्शन 31 में इन्होंने प्रोविजन्स दिए हैं जिनका उल्लेख शैडयूल 3 में किया गया है।

It says : "Revitalisation of Agriculture – (a) agrarian reforms through measures for securing interests of small and marginal farmers."

कितनों का इंटरस्ट तय कर रहे हैं। मैं आपको बताऊं कि हालत क्या है? मार्जिनल फार्मर कहां जा रहा है। मैं आपको बता सकता हूं कि हिन्दुस्तान में ढाई हजार किसान हर रोज खेती छोड़ रहे हैं। कृ-ि मंत्री जी, यह आपका विभाग है। मैं सब राज्यों की सरकारों से, देशवासियों से कहना चाहता हूं कि ढाई हजार किसान प्रतिदिन खेती छोड़ रहे हैं। वह मार्जिनल फार्मर है, वह मजदूर बन रहा है। आप कहते हैं कि स्माल और मार्जिनल फार्मर के लिए कुछ इंतजाम करेंगे। कहां है इंतजाम? आप उसके लिए क्या करेंगे? शब्दों में बहुत अच्छा लगता है। अरे, मार्जिनल फार्मर। प्रधान मंत्री जी अक्सर शेर कहते हैं। उसके लिए आप यही

कहो। वह बेचारा यही कहता है - साहिल के तमाशायी किसान पर अफसोस तो करते हैं मगर इमदाद नहीं। साहिल के तमाशायी हर डूबने वाले पर अफसोस तो करते हैं मगर इमदाद नहीं करते। यहां किसान डूब रहा है, मार्जिनल फार्मर डूब रहा है। उनकी आत्महत्या की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसा नहीं है कि संख्या समाप्त हो गयी है। क्या आप रोक रहे हैं? क्या आप उसे खेती का उचित दाम दे रहे हैं? क्या आप उसे ठीक से एमएसपी दे रहे हैं? इस लॉ में आगे चलकर जो प्रावधान हैं, आप एमएसपी किस हिसाब से देंगे या लेंगे, उसकी बात साफ नहीं होती। मुझे अफसोस है और कभी-कभी चिन्ता होती है कि कहीं इस बिल के तीन साल बाद आप कुछ ऐसी व्यवस्थाएं न करने लग जायें, वैसे तो मुझे उम्मीद है कि तब आप उधर नहीं होंगे, कोई और होगा। ...(व्यवधान) लेकिन ये ऐसे इंतजाम क्यों कर रहे हैं, ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं? हिन्दुस्तान में खेती का कंट्रीब्यूशन टू जीडीपी घटती जा रही है। एक साहब ने मुझसे कहा कि अरे साहब, आप क्या बात कर रहे हैं? अमेरिका में खेती का जीडीपी में सिर्फ चार परसेंट कंट्रीब्यूशन है। लेकिन मैंने कहा अमेरिका में एग्रीकल्चर का उनकी इकोनॉमी में 60 परसेंट कंट्रीब्यूशन है। फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पर बीमा है और दस प्रकार के धंधे उसके साथ चलते हैं। उन्हीं की अपनी इस बारे में स्वीकारोक्ति है कि sixty per cent of American economy is based on their agriculture. हिन्दुस्तान में अगर आज हमारी जीडीपी में एग्रीकल्चर का 15 परसेंट कंट्रीब्यूशन है, तो इस रफ्तार से शायद 90 परसेंट हमारी इकोनॉमी में एग्रीकल्चर का असर होना चाहिए। हो सकता है, मगर आपने इसमें लिख दिया कि हम यह करेंगे। क्या करेंगे आप? उनके लिए स्टोरेज बनायेंगे। कब बनायेंगे? दस-बारह साल में तो अभी तक बने नहीं। उसके पहले भी तीस-चालीस आप रहे, तब भी नहीं बने। हम भी छः-सात साल रहे, तब भी नहीं बने। ईमानदारी की बात करें, तो बहुत बन गये। क्यों नहीं बन रहे? आप फूड चेन क्यों नहीं बना रहे? आप अपने बजट्स को देखिये, अपने इन्वेस्टमैंट्स को देखिये। स्टोरेज क्यों नहीं बना रहे? वेस्टेज क्यों हो रहा है? आज हालत यह है कि मुझे कृनि रिसर्च के अनुसंधान जरनल में पढ़ने को मिला कि हिन्दुस्तान से जो अनाज एक्सपोर्ट होता है, वह सिर्फ वहां बीयर बनाने के काम में आता है, वह खाने के काम में नहीं आता। क्यों नहीं हमारी खेती का, यह वह देश है जो खेती से कितना अधिक काम कर सकता है। आज भी कर सकता है। आपकी 57 से 60 परसेंट जनसंख्या खेती पर निर्भर करती है। आप उनके लिए क्या कर रहे हैं? आप उन्हें क्या चीजें दे रहे हैं? आपने लिखा है, ...(व्यवधान) फिर कहते हैं --

> "Giving top priority to movement of food grains and providing sufficient number of rakes for this purpose."

कहां है रैक्स? कौन कम्पनी यहां रैक बना रही है, रेल मंत्री जी? ...(व्यवधान) कितने रैक्स आप एक्सट्रा बनवायेंगे अरबों-लाखों टन अनाज को लोड करने के लिए। कितने साल में बनेंगे, कौन कम्पनी बना रही है? रैक्स बना देंगे, हवा में। आप कहेंगे कि आजा रैक और हाथ में आ गया रैक। वह काला जादू आपके यहां होता है गृह मंत्री जी। शायद उसी काले जादू से आप रैक बनाकर देंगे। कौन से रैक बना रहे हैं? आप उसका क्या कर रहे हैं?

हैल्थ केयर -- हम जानते हैं कि हैल्थ केयर कैसी है। पीएसी की कमेटी में सीएजी ने हैल्थ केयर की जो रिपोर्ट दी थी, मुझे मालूम है कि क्या थी हैल्थ केयर? Where is the healthcare? मैंने अपने जिले बनारस में अभी परसों जिला समिति की समीक्षा की। Healthcare was the poorest. ...(व्यवधान) अस्पताल नहीं है, डाक्टर नहीं हैं, तीन-तीन साल पुरानी दवाइयां हैं। गिरिजा जी भी कह रही हैं कि हां, सही है। अब बताइये। फिर कहते हैं कि "Nutritional health and educational support to adolescent girls." कितनी और कहां? "Adequate pensions for Senior Citizens". What is this 'adequate"? 300 रुपया, 400 रुपया, 1000 रुपया, 1500 रुपया। आप क्यों ऐसी बातें लिख रहे है, जिसे देखकर किसी को विश्वास हो ही नहीं सकता। आप फिर कहते हैं कि "Geographical diversification of procurement operations." कितने साल में करेंगे? कितना होगा? आप डिस्ट्रिक्ट-डिस्ट्रिक्ट में अगर चाहें, तो प्रोक्योर करके बंटवा सकते हैं। हमारे देश में होता रहा है। आप कोई ऐसी बात तो कहिए, जिस पर यकीन होता हो। फिर आप देखिये। मैं आपका बता रहा हूं। शरद जी का लेख है, जो आपने बिजनस लाइन में लिखा है। आप कहते हैं कि --

> "Farm size, given that India has the largest number of poor and malnourished people in the world, increasing food supply is paramount to achieving inclusive growth. Since agriculture forms the resource base for a number of agro-based industries and agro-services, agriculture should not be viewed only as a farming activity, but part of a wider value chain."

आप फार्म साइज़ बता रहे हैं, दो हेक्टेयर, ढाई हेक्टेयर, 1.23 हेक्टेयर, 2.26 हेक्टेयर। यह 1970-71 में हो गया। 4 हेक्टेयर और उससे ऊपर वाले को आप छोटा किसान कह रहे हैं। आप क्या कर रहे हैं? किसान की हालत क्या है? मुलायम सिंह जी, देखिए आप समर्थन मत कीजिए इसे, यह मेरा आपसे अनुरोध है। यह किसान विरोधी है। यह किसान की तरफ ध्यान नहीं देती, सिर्फ लोक-लुभावन नारे लगाती है। Farmer's suicides rate soar above the rest. यानी गिनती लिपटती चली जा रही है। अब इसके बाद मैं एक

बात कहना चाहता हूं कि एक और समस्या आएगी, अगर आप खेती क्षेत्र का उपभोग करेंगे। वैश्विक भूख सूचकांक में भूखमरी के शिकार लोगों की संख्या हिन्दुस्तान में 20 करोड़ बताई। यह गरीबी नहीं है, भूखमरी है। यह भी बताया गया कि पिछले 15 सालों में तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की। फिर वे यह भी कहते हैं कि अमेरिका तो हर जगह अपने किसानों की हित की बात कहता है, आप नहीं करते यानी हमारा देश नहीं करता। वर्ष 1996 में विश्व बैंक की एक रिपोर्ट थी, जिसमें कहा गया था कि 2015 तक, अभी दो वर्ष बाकी हैं, गांव छोड़कर भारत के जितने लोग विभिन्न शहरों में बसेंगे, उनकी कुल जनसंख्या इंग्लैंड, फ्रांस और जर्मनी की जनसंख्या से दुगुनी होगी। अभी इन तीन देशों की जनसंख्या 20 करोड़ थी, अब 40 करोड़ जनसंख्या हिन्दुस्तान के शहरों में बसेंगे, तो अब आप बताइए इनको रोज़गार दे सकेंगे आप! ये रोज़गार तो आपको छोटे खुदरा व्यापार में, किसानी में और एस.एम.ईज़ में मिलते हैं। उनको आप नष्ट करते जा रहे हैं। उनकी तरफ आपका ध्यान नहीं है और आप ऐसा बिल ला रहे हैं। इसमें किसी को कुछ नहीं मिलने वाला है। 166 ग्राम अनाज़ प्रतिदिन में इस देश का कोई आदमी अपनी भूख नहीं मिटा सकता। यदि उसका कंजम्पशन 10 किलोग्राम है, तो बाकी कहां से खरीदेगा?...(व्यवधान) आपको क्या चिन्ता है? आपकी ही बात कर रहा हूं। आप चिन्ता मत कीजिए। ...(व्यवधान) इस पर ज़रा ध्यान देने की जरूरत है। यह आवश्यक है। मैं फूड सिक्योरिटी के पक्ष में हूं। क्यों? क्योंकि अमेरिकन फूड सेक्रेट्री ने एक बात कही थी, जब से मैंने उसे पढ़ा है, तब से मैं फूड सिक्योरिटी के बारे में बहुत ज्यादा चिन्तित हूं। उन्होंने कहा था कि "Food is an important weapon and we can use it for negotiation". अमेरिकन फूड सेक्रेट्री ने आज से 25-30 साल पहले यह बात कही थी कि अनाज़ हमारे झोले में एक बहुत महत्त्वपूर्ण हथियार है। इसका उपयोग हम गरीब देशों के साथ पॉलिटिकल बारगेन करने में करेंगे।

अध्यक्ष महोदया, वह देश वहीं तक आज़ाद है, जहां तक इसका फूड आज़ाद है। देश जितना फूड सिक्योर है, उतने ही उसके बॉर्डर भी सिक्योर होंगे, उतने ही उनकी इकोनॉमी भी सिक्योर होंगी, उतना ही उसका रुपया भी सिक्योर होगा। अगर आप फूड सिक्योरिटी शत-प्रतिशत लोगों को नहीं दे सकते, अगर आप हिन्दुस्तान के किसान की टैलेंट का, उसकी मेहनत का पूरा उपयोग नहीं कर सकते और वाज़िब तौर पर उसकी मदद नहीं कर सकते, तो यह फूड सिक्योरिटी बिल महज़ क़ागजी रह जाएगा। ...(व्यवधान) आपके पास पैसे कितने हैं, यह भी मैं आपसे पूछना चाहता हूं। ...(व्यवधान) आप आगे आने वाले समय में इसके लिए पैसा कहां से लाएंगे, बजट में कितना प्रावधान करेंगे? कैसे करेंगे? हम जानना चाहते हैं, हम आपकी मदद करना चाहते हैं। इस देश को अन्न सुरक्षा के मामले में पूरे तौर पर सुरक्षित करने के लिए हम आपकी मदद करना चाहते हैं। मैं देश को सुरक्षित देखना चाहता हूं। हमारी पार्टी इस देश को ही नहीं दुनिया

के हर भूखे को खाना देना चाहती है। हम दुनिया के हर कीट-पतंग को, पशु-पक्षियों को खाना देना चाहते हैं। कोई भूखा न रहे। हम उस तरफ बढ़ना चाहते हैं। हमारे किसान में इतना दम है, इतनी हिम्मत है। मगर आपका बिल कुछ नहीं बोलता है। यह सिर्फ साढ़े तीन छटांक अनाज़ देने को कहता है। यह कहता है कि हमने गाड़ी ठीक कर दिया, हमने फूड सिक्योरिटी कर दी। क्या किया? कुछ नहीं। महिलाओं के लिए तो वह एडोलसेंट स्कीम चल ही रही है। आप बच्चों के लिए कहते हैं, तो आप अक्षय पात्र योजना को क्यों नहीं स्वीकार करते? Fully fortified food and untouched by human hands, cooked, packed in packages, transmitted by belt- टैक्नोलॉजी है, मैंने शुरू करायी थी अक्षय पात्र योजना। आज दस लाख बच्चों को भोजन दे रहे हैं। थोड़ा सा पैसा खर्च करने की जरूरत है। जनता पैसा देती है उसके लिए। आप चलाइए योजना, टेक्नोलॉजी हमारे पास है, हम देने को तैयार हैं। लोग काम करने के लिए तैयार हैं, आप उत्साहित तो कीजिए। आप सिर्फ अनाज देते हैं, लेकिन हर बच्चे पर दो रुपये 27 पैसे जनता से चन्दा लेकर बनाते हैं। किसी टीचर से खाना नहीं बनवाते। सेंट्रलाइज्ड तरीके से खाना बनकर, अनटच्ड बाई ह्युमन हैण्ड्स, मशीन से सब्जी कटती है, मशीन से ही अनाज धुलता है, स्टीम्ड कुकिंग होती है, डिब्बों में पैक होता है, बस में रखकर स्कूल तक जाता है। हम ले गए थे, तब हमारे रा-ट्रपति थे श्रीमान अब्दुल कलाम साहब, उनको इसे देखकर हैरत हुई और वे सबको मिलकर आए। उसका भी मैं विशे-न गुण बताता हूं, वह मंदिर की योजना है - अक्षयपात्र । स्कूलों में जाते हैं, वहां हर सम्प्रदाय के बच्चे रहते हैं। ...(व्यवधान) मथुरा में है। आप उसे आगे चलाइए।...(व्यवधान) लेकिन वहा वे लेते हैं। जो मुस्लिम सम्पद्राय के बच्चे हैं, उनको मालूम है कि यह मंदिर का प्रसाद है, वे उस प्रसाद को लेते हैं और फिर बिसमिल्लाह उर रहमानो रहीम करके खाते हैं। सब खाते हैं। उसमें क्या दिक्कत है? आप लीजिए उस स्कीम को। आप छत्तीसगढ़ की स्कीम को लीजिए। आप हिन्दुस्तान के किसान को मजबूत कीजिए, हम उसमें मदद करेंगे। किसान के लिए जो कुछ करना चाहेंगे, अगर वह वाजिब होगा, राजनीति से परे होगा, तो हम आपकी मदद करेंगे। देश को अन्न के मामले में सुरक्षित करने की हर कारगर योजना की, पोलिटिकल योजना की नहीं, चुनावी योजना की नहीं, लेकिन जो भी ऐसी योजना होगी, उसका हम पूरे तौर पर समर्थन करेंगे, उसको ले जाएंगे। इस कानून की तमाम खराबियों को आप दूर कीजिए। खाद्य मंत्री जी, इस तरफ ध्यान दीजिए कि आपके बिल में कितनी खामियां हैं। बहुत सी उन्होंने बताई हैं, बहुत से अमेंडमेंट्स हैं, मैं उन पर नहीं बोल रहा हूं, वे इस बात के सूचक हैं कि लोगों की इसमें रुचि है। मेरे पास रोज लोगों की चिट्ठियां आती हैं कि इसमें यह प्रावधान चाहिए, यह सुधार चाहिए, अच्छा होगा कि आप इस बिल को फिर से सुधारें, सुधारने के बाद फिर से लाएं। कोई हर्जा नहीं होगा, क्योंकि आपने आर्डिनेंस

के मार्फत काम शुरू कर ही दिया है। आपको प्रचार का जितना लाभ लेना था, आप ले चुके हैं, अब ज्यादा लाभ तो मिलेगा नहीं।...(व्यवधान) मेरा अनुरोध है आपसे कि इसको ठीक कीजिए, मैं आपकी मदद करने को तैयार हूं। हमारी पार्टी के लोग देश के हर आदमी को भोजन, पौ-टिक भोजन से युक्त, ह्ट-पु-ट देखना चाहते हैं। ऐसा देखना चाहते हैं कि भारत का जवान जहां जाए, लोग कहें कि ये आ रहा है पट्ठा, जो देश की रक्षा करेगा, दुनिया की रक्षा करेगा, भूख और गरीबी से दुनिया को बचाएगा।

श्रीमती सोनिया गांधी (रायबरेली): अध्यक्ष महोदया, मैं रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल के समर्थन में खड़ी हुई हूं। आज हमारे सामने एक ऐतिहासिक कदम उठाने का मौका आया है जिससे हम अपने गरीब भाई-बहनों की परेशानी हमेशा के लिए खत्म कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपने वर्-ा 2009 के घो-ाणापत्र में देश से वादा किया था कि हम खाद्य सुरक्षा कानून बनाएंगे, सभी देशवासियों को, खासकर कमजोर वर्गों को पर्याप्त मात्रा में अनाज उपलब्ध कराएंगे। आज अपनी पार्टी की तरफ से मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी है कि हम इस वादे को निभा रहे हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान हमारे समाज के अनेक वर्गों को समृद्धि का लाभ मिला है, जो कि हमारे लिए प्रसन्नता की बात है, लेकिन हमारे सामने जो सवाल है उन तबकों का है, जो उतने भाग्यशाली नहीं हैं और जो इस समृद्धि की पहुंच से दूर रहे हैं। अब हमारे सामने एक बड़ा सवाल है - हमारी जिम्मेदारी क्या है? उन लोगों के प्रति सरकारों की जिम्मेदारी क्या है, जो दूसरों के मुकाबले कम भाग्यशाली हैं? उनका कोई कसूर नहीं है, लेकिन वे आज भी भूख और कुपो-ाण का शिकार होने के लिए अभिशप्त हैं।

अध्यक्ष महोदया, आज सदन के सामने एक बड़ा संदेश देने का ऐतिहासिक अवसर आया है। देश और दुनिया के लिए, एक ऐसा संदेश जो बिल्कुल स्प-ट है और ठोस है कि भारत अपने सभी देशवासियों की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी लेता है। आज सदन के सामने यह सुनिश्चित करने का अवसर आया है कि हमारे देश का हर एक बच्चा कुपो-ाण से मुक्त होकर बड़ा हो। उसकी क्षमता का पूरा विकास हो और वह अपने देश की भावी समृद्धि में अपना हाथ बंटाए। आज सदन के सामने एक ऐसा अवसर है जब हम उन सब लोगों को खाद्य सुरक्षा का कानूनी अधिकार दे रहे हैं, जिन्हें उसकी जरूरत है और आज सदन के सामने एक ऐसा अवसर है जब हम उस अभाव को दूर कर सकते हैं, जिसकी वजह से हमारे देश की मानव क्षमता की हर दिन बेहिसाब बर्बादी होती है।

अध्यक्ष महोदया, कुछ लोग सवाल उठाते हैं कि क्या हमारे पास इसके लिए साधन हैं, मैं उनसे कहना चाहती हूं कि सवाल साधनों का नहीं है। हमें इसके लिए साधन जुटाने ही होंगे। कुछ लोग सवाल उठाते हैं कि क्या यह किया जा सकता है, मैं उनसे कहना चाहती हूं कि सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं या नहीं? हों यह करना ही है। कुछ लोग सवाल उठाते हैं कि क्या यह बिल किसानों के हित में है ? मैं उनसे कहना चाहती हूं कि कृ-ि और किसान दोनों ही हमारी नीतियों के प्रमुख अंग हैं। हमने उनकी जरुरतों को हमेशा सबसे ऊपर रखा है और आगे भी रखेंगे। इसी के साथ साथ हमें पूरा एहसास है कि अभी हाल तक जो हमारी आर्थिक विकास दर थी, उसको फिर से हासिल करना भी जरूरी है।

अध्यक्ष महोदया, पीडीएस और देश भर में सस्ते अनाज की दुकानों के बारे में हम सब जानते हैं। इस समय ऐसी दुकानों की तादाद पांच लाख से भी ज्यादा है। देश के कुछ हिस्सों में ये ठीक से काम करती हैं, कुछ में नहीं भी करतीं हैं कुछ हिस्सों में इनकी पहुंच बहुत अच्छी है, कुछ में नहीं भी है। पीडीएस में सुधार की जरूरत है। यह सुनिश्चित करना है कि इसके लाभ सही मात्रा में, सही लोगों तक पहुएचें। इस प्रणाली में कुछ इलाकों में लीकेज की समस्या बहुत ही ज्यादा है और इसे दूर करना ही होगा। यह इस कानून की सफलता के लिए बुनियादी जरूरत है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि सभी राज्यों में पीडीएस सही ढंग से लागू हो। यही वजह है कि इस बिल में पीडीएस प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधारों के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदया, कानूनी तौर से खाद्य सुरक्षा का अधिकार अपने आपमें जरूरतमंदों को सशक्त बनाने का, प्रशासन की जवाबदेही बढ़ाने का, भ्र-टाचार को कम करने का और व्यवस्था को प्रभावी बनाने का एक बहुत ही सशक्त माध्यम है। मुझे खास खुशी इस बात की है कि यह बिल महिला स्वयं-सहायता समूहों और ग्राम पंचायतों को पीडीएस चलाने की भागीदारी देगा। साथ ही आगे चलकर आधार कार्ड के माध्यम से फर्जी और दोहरे राशन काड्र्स खत्म होंगे। मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि बिल में अंत्योदय परिवारों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। और आईसीडीएस, मिड-डे मील योजना जैसे कल्याणकारी कार्यक्रम भी इस बिल के अंग हैं। लेकिन हमें यह भी ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए कि इन योजनाओं में कई प्रकार की कमियां हैं। यदि इसमें प्रतिबद्धता और ईमानदारी नहीं होगी, तो जनता के प्रति घोर अन्याय होगा। उनकी उपेक्षा घातक होगी। इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि ये दोनों कार्यक्रम पूरी दुनिया में बेमिसाल हैं। दस करोड़ से ज्यादा बच्चों को लगभग 12 लाख प्राइमरी स्कूलों में रोजाना भोजन दिया जाता है, लगभग 14 लाख आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जिनसे 9 करोड़ से ज्यादा बच्चों, गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को सेवा प्राप्त होती है। फिर भी हमें इन सेवाओं की कमियों को दूर करना ही होगा और यह काम हम सबको मिलकर करना है, खासकर राज्य सरकारों को जिनकी बुनियादी जिम्मेदारी है। स्थानीय जवाबदेही सख्ती से लागू की जानी चाहिए।

Madam Speaker, before I conclude, allow me a few moments to look back a little. Under the leadership of the Prime Minister, Dr. Manmohan Singh Ji, our UPA Government, in 2005, brought in the Right to Information law. That has ushered in an unprecedented transparency in public life, sometimes, to our own disadvantage. A little later that year, the Right to Work, Mahatma Gandhi NREGA became a reality. This has provided employment to one in four rural households in

the past seven years and has led to increased-rural wages. In 2006, the path-breaking Forest Rights Act came into the Statute Book. This has benefitted lakhs of tribal and other families who have traditionally relied on forest for their livelihood. And in 2008, the Right to Education came into being. This has already led to a sharp increase in enrolment in schools.

The Food Security Bill is thus the fifth in a series of what might be called 'our right-based approach'. This approach provides legal entitlements to people, puts pressure on the Executive to be more responsive and accountable, and also puts in place credible mechanism to redress grievances. This approach, I believe, is bringing about an empowerment revolution in our country – something we are proud to have facilitated.

Madam Speaker, our goal for the foreseeable future must be to wipe out hunger and mal-nutrition from our country. This legislation is only a beginning. As we move forward, we will be open to constructive suggestions; we will learn from experience.

In essence, Madam Speaker, we have today, an opportunity to transform the lives of tens of millions of our people. I believe that we must, together, rise to the occasion, set aside our differences and affirm our commitment to their welfare and wellbeing.

It is my fervent hope and my humble appeal that we, as representatives of those very people, should convert this Bill into an Act and do so, unanimously.

अध्यक्ष महोदया : श्री मुलायम सिंह।

...(व्यवधान)

एक अन्य माननीय सदस्य : सोनिया जी ने लिखा हुआ भा-ाण पढ़ा है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मुझ से पूर्वानुमति ली गई थी और नियम 352 के अंतर्गत हमने अनुमति दी थी।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि खाद्य सुरक्षा बिल लाने से पहले सरकार को देश के सभी राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों को बुलाना चाहिए था और मुख्यमंत्रियों की राय लेनी चाहिए थी। अगर मुख्यमंत्रियों की राय ली जाती तो आपके सामने अच्छे सुझाव आते और एक अच्छा बिल आता, लेकिन पूरी तरह से मुख्यमंत्रियों की उपेक्षा की गई है। इस बिल के आने से राज्यों पर बहुत बोझ पड़ेगा। राज्यों की परेशानी को बिना सुने यह बिल लाना गलत है।

अध्यक्ष महोदया, मैं अब भी कहना चाहता हूं कि सरकार चाहे चार दिन के लिए ही रहे, हम लोग समर्थन तो करेंगे ही, लेकिन मुख्यमंत्रियों की राय ले कर इस बिल को लाना चाहिए। यह कोई मामूली बात नहीं है। सारा बोझ राज्यों पर पड़ेगा। आपने गरीबों को किस आधार पर पहचान किया है? आपने 1997 के आधार पर गरीबों की पहचान की है और अब 2013 चल रहा है। पिछले 16 सालों में गरीबों की संख्या में कितनी वृद्धि आई है या कमी आई है, इसकी कोई संख्या आपने नहीं दी है। आपको संख्या बतानी चाहिए कि कितने गरीब हैं। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या का अभी तक पता नहीं है। जो असली गरीब हैं, उन्हें इस योजना का फायदा नहीं मिलेगा, बल्कि राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। क्या आपने इस बात का अंदाजा लगाया है कि इस बिल के कारण राज्यों पर जो आर्थिक बोझ पड़ेगा उसके लिए कौन जिम्मेदारक उसका वहन कौन करेगा राज्यों की कौन मदद करेगा, राज्य के पास धन कहां से आएगा और राज्य इस आर्थिक बोझ को कैसे सहन करेंगे? इसका उल्लेख कहीं भी इस बिल में नहीं है। 26 हजार करोड़ या 30 हजार करोड़ रुपये का बोझ हो चाहे जितना भी बोझ हो, राज्य सरकार कैसे इस बोझ को उठा सकते हैं? कई राज्यों की आर्थिक हालत आज बहुत खराब है। आपने कानून बना दिया और राज्यों पर छोड़ दिया है। सारा बोझ तो राज्यों पर पड़ेगा। आप राज्यों को क्या दे रहे हैं, इसका उल्लेख कहीं भी बिल में नहीं है। आप खड़े हो कर बता दीजिए, तो मैं बैठ जाऊंगा। बिल में कहीं उल्लेख नहीं है कि आप राज्यों को क्या सहायता, क्या धन देंगे।

इसी तरह से क्या इस बिल में कहीं किसानों की उपज खरीदने की आपने पक्की गारंटी दी है? यह सबसे गंभीर मामला है। किसान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा, इसकी गारंटी कहीं बिल में नहीं है। न तो जमीन की गारंटी है, न खरीद की गारंटी है। यह कैसा बिल है? कृनि मंत्री जी, आप तो स्वयं किसानों की परेशानियां जानते हैं। इस बिल में किसानों की फसल की खरीद की गारंटी कहां है? आप बीच में बिचौलिया भी भेज सकते हैं। हम चाहते हैं कि आप गारंटी करें कि किसानों की उपज खरीदी जाएगी। आप बिल में सुधार कीजिए और संशोधन पेश कीजिए कि किसानों की फसल का एक-एक दाना

सरकार खरीदेगी। यह गारंटी इस बिल में नहीं है। किसान बरबाद हो जाएगा। यह बिल किसान विरोधी है। किसानों की उपेक्षा पर किसान अपनी जरूरत के लायक ही अनाज उपजाएंगे। बाजार को अनाज देना किसान बंद कर देंगे। इसमें आप संशोधन कीजिए। किस राज्य में कितनी सुविधा दी जाएगी, किसान को क्या दिया जाएगा, यह गारंटी होनी चाहिए कि पूरे हिंदुस्तान के राज्यों में एक-सी सुविधा दी जाएगी। किसी राज्य को आप ज्यादा सुविधा देंगे और किसी राज्य को कम सुविधा देंगे। इस बिल में कहीं नहीं दिया गया है कि सभी राज्यों को एक-सी सुविधा दी जाएगी। आज जो आदमी एक रुपया भी देने की स्थिति में नहींम, उनको भोजन मुफ्त देना चाहिए। जब सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था और हमने भी कहा था लेकिन उस वक्त आपने उनको मुफ्त भोजन नहीं दिया। यह इसी सदन में कार्रवाई में है और तब मैंने भी कहा था और सदन ने भी कहा था कि गरीबों को मुफ्त अनाज देना चाहिए, तब उस वक्त आपने नहीं दिया। तब गरीब आपको याद नहीं आए लेकिन अब जब चुनाव आ रहा है तो दे दिया। क्या चुनाव को सामने रखकर काम किया जाएगा? यह चुनाव के लिए है। यह सीधा-सीधा चुनाव के लिए है। कभी मनरेगा आ जाएगा। कभी खाद्य सुरक्षा बिल आ जाएगा। इसलिए केवल चुनाव पर ही दृ-टि है। क्या भूखे और गरीबों के लिए ही कुछ कर रहे हैं? यदि गरीबों के लिए ही करना होता तो 6 महीने पहले ही कुछ कर देना चाहिए था जब लोग भूख से मर रहे थे और रोजाना भूख से मरने वालों की संख्या आ रही थी। महारा-ट्र जैसे सूबे में भूख से मरने वालों की संख्या समाचार-पत्रों में आ रही थी, तब क्यों नहीं किया? जब लोग भूखों मर रहे थे तब तो दिया नहीं। जब गरीब लोग भूखों मर रहे थे और हम लोग यहां सदन में सवाल उठा रहे थे, शोर कर रहे थे कि लोग भूखों मर रहे हैं तब तो कुछ नहीं दिया। यह देश के लिए शर्म की बात है। तब यह बिल कहीं नहीं आया। सीधी सीधी बात यह है कि अब चुनाव आ रहा है, इसलिए यह बिल आ गया।

हर चुनाव में केवल एक मुद्दा बनाकर आप चुनाव में जाना चाहते हैं। इसमें गरीबों के लिए कहीं कुछ नहीं है। किसानों की जमीन को लेकर उत्पादन शुल्क की, उसकी उपज की खरीद की सौ फीसदी गारंटी करनी चाहिए। यानी उपज को खरीदने की पक्की गारंटी हो और गरीबों की संख्या स्प-ट हो। सभी के लिए व्यवस्था हो। लेकिन कितने की व्यवस्था है? यह कहीं है ही नहीं कि कितनों को आप मुफ्त भोजन देंगे? कितने लोग भूखे हैं? यह संख्या कहीं है ही नहीं। इसमें केवल अंदाज से ही काम चल रहा है। यह अंदाजिया बनाया गया बिल है। यह सब होना चाहिए कि देश में इतने प्रतिशत लोग गरीब हैं। इतने लोग फलां शहर में या फलां गांव में गरीब हैं और उस संख्या के अनुसार हम उनको भोजन देंगे। अब पता नहीं जाने किसको मुफ्त भोजन दिया जाएगा? सरकार बताए कि कौन सा आदमी गरीब माना गया है? किस आधार पर माना गया है और कौन सी सरकारी रिपोर्ट है? वह सरकारी रिपोर्ट कहां से आई है? किसी

*श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): मैं खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की चर्चा में मेरे कुछ सुझाव ले करना चाहता हूं, जो निम्नानुसार हैः-

खाद्य सुरक्षा बिल में 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह अनाज देने की बात कही गई है, वो अपर्याप्त है और किसी भी वैज्ञानिक कसौटी पर यह मानक खरा नहीं उतरता है, क्योंकि अंतर्रा-ट्रीय मानक भी 14 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रति माह की आवश्यकता स्वीकारता है और भारत सरकार के एनएसएसओ की रिपोर्ट में सबसे निर्धनतम व्यक्ति से लेकर मध्यम वर्ग के व्यक्ति तक क्रमशः 9.88 किलो से लेकर 12 किलो तक की आवश्यकता प्रति व्यक्ति प्रति माह को स्वीकारता है, तो फिर यह 5 किलो वाला मानक कहां से बिल के प्रावधानों में जोड़ा गया यह समझ से परे है। इसमें संशोधन करके अंतर्रा-ट्रीय मानक के अनुसार 14 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। तभी सही मायने में खाद्य सुरक्षा की परिकल्पना पूर्ण होगी।

खाद्य सुरक्षा विधेयक के माध्यम से राज्यों पर भी वित्तीय भार डालने का प्रयास किया गया है जो उचित नहीं है, क्योंकि कुछ राज्य पहले से ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बहुत अच्छा कार्य कर रहे है, जिसमें छत्तीसगढ़ व तमिलनाडु का उदाहरण लिया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में राज्य की 90 प्रतिशत जनसंख्या को खाद्य सुरक्षा के माध्यम से कवर किया गया है, जबकि तमिलनाडु में यूनिवर्सल खाद्य सुरक्षा लागू की गई है। फिर इस विधेयक में 67 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी तक ही इसको सीमित क्यों रखा गया हैं? यह समझ से परे है। शे-ा आबादी की खाद्य सुरक्षा का क्या होगा, इसकी चिंता भी खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से की जानी चाहिए।

देश में 66 साल की आजादी के बाद भी भुखमरी है, गरीबी है यह चिंता का वि-ाय है। हमारी आर्थिक नीतियां ठीक नहीं रही इसलिए गरीबी बढ़ी और अभी चुनाव के एन वक्त पर आधे अधूरे खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से भुखमरी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी जगह यदि आर्थिक नीतियां ठीक हो, देश में हर बेरोजगार को रोजगार मिले, हर युवा को काम मिले अर्थात् हर हाथ को काम और हर खेत को पानी की परिकल्पना साकार हो जाए तो

* Speech was laid on the Table

खाद्य सुरक्षा जैसे अधिनियमों की देश में आवश्यकता ही नहीं रहेगी। अतः सरकारों को सुदृढ़ आर्थिक नीतियों की ओर कदम बढ़ाने चाहिए।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम मे पीडीएस प्रणाली में सुधार की बात की गई है, लेकिन सुधार कैसे होगा इसका जिक्र नहीं किया गया है।

सरकार को छत्तीसगढ़ एवं तमिलनाडु मॉडल का अध्ययन करके एक मॉडल खाद्य सुरक्षा अधिनियम बनाना चाहिए और जो पहाड़ी राज्य है या जिन राज्यों में रेगिस्तान है, उनके लिए शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार से उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

किसानों से अनाज किस दर पर खरीदा जाएगा तथा कैसे खरीदा जाएगा? बिल में किसानों के हितों की रक्षा करने के प्रावधानों को स्प-ट रूप से व्याख्या करने की आवश्यकता है।

*श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): देश के दो-तिहाई लोगों को सस्ते दाम पर अनाज मिले, इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। लेकिन देश की असल समस्या खाद्य सुरक्षा नहीं, बल्कि कुपो-ण है।

देश में अभी 6 करोड़ से ज्यादा बच्चे कुपोनित हैं, इनमें से 80 लाख गंभीर रूप से कुपोनित हैं। सस्ते दाम पर अनाज उपलब्ध कराने से इन बच्चों का कुपो-ण दूर हो जाएगा इसकी कोई गारंटी नहीं है।

कुपो-ण बच्चों के अस्तित्व, स्वास्थ्य और विकास के लिए खतरा पैदा करता है। अगर बच्चे कुपोनित होंगे तो कल का वर्क फोर्स कैसे तैयार होगा।

अतः खाद्य सुरक्षा के बजाए "पो-ण सुरक्षा " की बात होनी चाहिए जो इस बिल में नदारद है।

इससे भी बड़ी बात कि देश में खाद्य असुरक्षा, खाद्य की अनउपलब्धता के कारण हैं, ऐसी बात नही है। देश में अनाज का विशाल भंडार है। एक समय था जब अनाज के मामले में हम आत्मनिर्भर नहीं थे। परन्तु अब हम अपनी जरूरत से ज्यादा अनाज का उत्पादन करते हैं, इसके लिए मैं किसान भाइयों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

परन्तु किसान भाइयों द्वारा उत्पादित अनाज का क्या हो रहा है? सरकार उसे खरीदती है अपने गोदामों में सड़ाने के लिए। अभी मैं दो-चार दिन पहले अखबार में देख रहा था कि ताजा अनाज की पैक की हुई बोरियां रेलवे प्लेटफार्म पर बारिश में भीग रही थी। प्लेटफार्म पर ही ये अनाज सड़ जाएगा। यदि यह अनाज भाग्यशाली रहा तो गोदाम में पहुंचेगा। लेकिन पहुंचकर यह और भी सड़ जाएगा और यही सड़ा हुआ अनाज जिसका कोई खरीददार नहीं होगा, जिसे कोई बगैर दाम के भी खरीदने को तैयार नहीं होगा, जो मनु-य खाने लायक नहीं होगा, गरीबों को सस्ते दाम पर बेचा जाएगा। वाह! सड़े हुए अनाज को बेचने का क्या तरीका सरकार ने ढूंढ निकाला है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि अनाज भंडारण की क्षमता को दुरुस्त किया जाए। बहुत से विश्ले-क इस बात के पक्ष में हैं कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को खत्म कर दिया जाए। पीडीएस को खत्म करना एक क्रांतिकारी कदम होगा जो आत्मघाती भी हो सकता है। परंतु कुछ

* Speech was laid on the Table

छोटे कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहला कदम ये है कि भंडारण क्षमता इतनी व्यापक और प्रभावी हो कि देश में अनाज का एक दाना भी नहीं सड़े।

बहुत सी बहुरा-ट्रीय कंपनियां कृ-ि व्यवसाय में है। उनका तो एक भी दाना नहीं सड़ता। फिर आपका क्यों सड़ रहा है। अर्थात् जो काम व्यवसायिक कंपनियां कर सकती हैं, वह आप नहीं कर पा रहे हैं। अतः जब तक देश में अनाज सड़ता रहेगा, तब तक खाद्य सुरक्षा बिल की देश की जनता को आवश्यकता पड़ती रहेगी और यह उसके साथ छलावा होगा।

*श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): आजादी के बाद भारत में सरकारों ने 50 से अधिक योजनाएं गरीबी हटाने और भूख का अंत करने के लिए चलाई, लेकिन इसके बावजूद भूख ने भारत में पांव जमाए हुए है। अब जब आम चुनाव करीब आ रहा है तब केन्द्र सरकार ने भूख का अंत करने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजना की शुरूआत कर दी है। चुनावी मकसद के लिए इस योजना को लागू करने के लिए सरकार की जल्दबाजी फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा पहुंचा सकती है।

सांविधानिक बाध्यताओं के अनुसरण में और अंतर्रा-ट्रीय अविसमयों के अधीन खाद्य सुरक्षा प्रदान करना सरकार की योजना और नीति का केन्द्र रही है। रा-ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, देश की मुख्य उपलब्धियों में से एक रही है। अंत्योदय अन्न योजना सहित गरीबी रेखा के नीचे के और गरीबी रेखा से ऊपर के गृहस्थों को अन्न प्रदान किया जाता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन गरीबी रेखा के नीचे के गृहस्थ, प्रति-कुटुम्ब, प्रति मास पैंतीस किलोग्राम खाद्यान्न प्राप्त करते हैं। गरीबी रेखा के ऊपर के गृहस्थों के लिए आबंटन, केन्द्रीय पूल में खाद्यान्न की उपलब्धता पर निर्भर करता है। स्त्रियों और बालकों के लिए अन्य खाद्य आधारित कल्याण स्कीमों, प्राकृतिक आपदाओं आदि के लिए भी सहायता प्राप्त दरों पर आबंटन किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी लोगों की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना एक चुनौती बना हुआ है। खाद्य सुरक्षा में केन्द्र से कई राज्य - गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमाचल, झारखंड, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश आगे निकल गए हैं। दूसरी और संप्रग केवल अनाज देने की घो-णा ही करता रह गया है।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक रूप से जो सतर्कता समितियां स्थापित करने के प्रावधान हैं उनमें 7-10 लोग होने चाहिए।

अध्यादेश के अनुसार टीपीडीएस के अंतर्गत केवल 67 प्रतिशत जनसंख्या को इसका लाभ मिलेगा। इसका लाभ सभी लोगों को क्यों नहीं दिया जा सकता है?

---

* Speech was laid on the Table

लोगों को खाद्यान्न देने की योजना को केवल अनाजों तक ही सीमित क्यों रखा गया है और इसमें दालों और खाद्य तेलों आदि को शामिल क्यों नहीं किया गया? इन खाद्यान्नों में प्रोटीन की कमी की कोई जांच नहीं होती, खरीद के समय इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

बड़े दुःख की बात है कि जिस देश में लाखों टन अनाज गोदामों में सड़ जाता है, चूहों और जानवरों की भेंट चढ़ जाता है, वहां इंसान भूखों मरते हैं। सरकारी गोदामों में 50 लाख टन से अधिक खाद्यान्न का स्टॉक रहने के बावजूद देश में भुखमरी है।

टीडीपीएस के अंतर्गत प्रत्येक राज्य और संघ शासित प्रदेशों में घरों की वास्तविक पहचान की जानी है। उसके लिए सरकार को उचित मानक बनाने और उसके बाद पहचान का वास्तविक कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्य के प्रारंभ होने के बाद इसे 180 दिनों में पूरा किए जाने का प्रावधान किया गया है। विधेयक को जारी करने के लिए इसमें वर्तमान में राज्य में लागू योजना और दिशानिर्देश आदि के जारी रहने के अस्थायी प्रावधान किए गए हैं। अधूरी पहचान से खाद्य सुरक्षा कैसे लागू होगी?

आज खाद्य सुरक्षा सूचकांक में भारत का स्थान 70वां है, जबकि वर्ष 2012 में 66वां था। यूपीए सरकार ने पिछले हफ्ते ही अध्यादेश के जरिए खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया है। खाद्य सुरक्षा के मामले में चीन की स्थिति भारत के मुकाबले काफी अच्छी है, उसे 42वां स्थान प्राप्त है।

संसद की अवमानना करते हुए इसे लाने की जल्दबाजी की जा रही है। सरकार पिछले चार साल तक कानून लाने में असफल रही है। मैं कहना चाहूंगी कि हमारे देश के लोग आज इतने सक्षम हैं कि सरकार की चालबाजी को समझ सकते हैं।

खाद्यान्न पेट का सवाल है या वोट का? खाद्य सुरक्षा अध्यादेश लागू होने के बाद करोड़ों बीपीएल परिवारों को अनाज सस्ता तो मिलेगा, लेकिन पहले से कम मात्रा में मिलेगा।

फिलहाल प्रत्येक बीपीएल परिवार को हर माह 35 किलो अनाज मिलता है लेकिन खाद्य सुरक्षा अध्यादेश लागू होने पर महीने में एक व्यक्ति को पांच किलो अनाज ही मिलेगा अर्थात् पहले की तुलना में कम अनाज मिलेगा। खाद्य सुरक्षा बिल के अनुसार सभी फायदाग्राहियों की बायोमीट्रिक सूचना के साथ प्रमाणिक पहचान के लिए आधार का प्रयोग किया जाना है, पर आधार कार्ड लोगों को साल छः महीने बीत जाने पर भी नहीं बन पाता है तो ऐसे लोगों का क्या? आज तक 21 प्रतिशत ही आधार कार्ड बन पाए हैं।

सरकार ने कहा है कि किसानों को एमएसपी के रूप में अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। क्या यह प्रोत्साहन सूखा, ओला, पाला तथा बाढ़ के तहत भी मिलेगा? अभी तो बीमा योजना का लाभ भी ठीक से नहीं मिल पा रहा है। अनाज मिलता ही नहीं है, समय पर नहीं मिल पाता है।

हमारे देश में आज भी 60 फीसदी खेती बारिश पर निर्भर है। चिंता की बात यह है कि वर्षा आधारित इस कृषि क्षेत्र में प्रति हैक्टेयर उपज अब भी 1.1 टन खाद्यान्न सिंचित क्षेत्रों में प्रति हैक्टेयर औसत उपज चार टन के आसपास पहुंच गई है।

विडंबना की बात है कि सरकार इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठा रही है। पिछले 10 वर्षों में 9 लाख किसानों का पता नहीं है। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार लाने के बजाय खाद्य सुरक्षा कानून को लागू करने पर आमादा है, जबकि गरीबों का भला तो बिना कानून बनाए भी किया जा सकता है।

सरकार खाद्य सुरक्षा देने जा रही है - अभी तक वह किसानों को उनके द्वारा उत्पादित अनाज की समुचित सुरक्षा व भंडारण की गारंटी भी नहीं दे सकी है। सरकारी गोदामों में उनकी क्षमता से कम भंडारण होने पर भी अनाज सड़ता है क्योंकि उसे जान-बूझकर सड़ाया जाता है ताकि उसे शराब के उत्पादन में इस्तेमाल किया जा सके।

यहां सवाल उठता है कि ऐसे में अनाज की सुरक्षा कैसे हो और न हो तो खाद्य सुरक्षा को अमली जामा कैसे पहनाया जा रहा है?

फूड सिक्योरिटी से कई चिंताएं भी जुड़ी हुई ,हैं जैसे किसान बर्बाद हो जायेंगे, उनको कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा। कांग्रेस अपनी हैट्रिक के लिए फूड का सहारा ले रही है, मगर उसका यह ड्रीम शायद ही सफल हो। "रोटी से ओटी " की नीति कांग्रेस ने ही बनाई, मनरेगा कर्ज माफी भ्र-टाचार की भेंट चढ़ गया है। ऐसी स्थिति में उनके चुनाव जीतने का चैक बाउंस ही होगा।

राज्यों को संप्रग सरकार को महत्वाकांक्षी खाद्य सुरक्षा कानून लागू करने के समय को लेकर आजादी मिल सकती है इससे खाद्य योजनाओं का भवि-य लटक जाएगा। सरकार ने विधेयक के तहत दिए जाने वाले खाद्यान्न की मात्रा भी तय नहीं की है।

खाद्य पदार्थों की बढ़ी कीमतों के कारण जहां 10 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं वहीं दुनिया का एक-तिहाई खाना बेवजह बर्बाद या खराब हो रहा है। इस खाने से 50 करोड़ लोगों का पेट भर सकता है। भंडारण और वितरण की उचित व्यवस्था न होने के कारण बर्बादी हो रही है।

अनाज की बर्बादी रोके बिना प्रभावी खाद्य सुरक्षा की ओर किस तरह बढ़ा जा सकता है। जब लोगों को अनाज उपलब्ध ही नहीं होगा तो क्या लोग कानून की कागजी सुरक्षा से पेट भरेंगे।

यह अलग बात है कि राजको-ीय असर इस विधेयक की मुख्य समस्या नहीं है। लेकिन अगर यह कानून लागू होता है तो देश के कृ-ि क्षेत्र में विसंगति आएगी। हाल के सालों में महंगाई बढ़ाने में सब्जियों और उच्च प्रोटीन वाले उत्पादों की जो भूमिका रही है, इन उत्पादों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

वैश्वीकरण और उभरती अर्थव्यवस्था का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचा है। इस विधेयक से देश की माली आर्थिक नीति पर कुठाराघात हो सकता है और देश के अर्थतंत्र के लिए हानिकारक बन सकता है। अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला जी ने भी कहा है कि इस विधेयक के कारण प्रथम व-र्ा में ही जीडीपी का 3 प्रतिशत खर्च हो जाएगा जो देश के अर्थतंत्र के लिए हानिकारक होगा। इसके लिए 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए इससे फाइनेंशियल प्रबंध अव्यवहारिक लगता है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की नीयत ठीक नहीं है वह लोगों को याचक बनाने की साजिश रच रही है।

इस फूड सिक्योरिटी बिल में न जाने कितनी खामियां हैं - पांच किलो अनाज से किसी व्यक्ति के महीने भर का पो-ाण किस तरह सुनिश्चित होगा? सरकार की इस योजना से एक व्यक्ति को प्रतिदिन केवल 167 ग्राम अनाज ही मिलेगा। इस पर सरकार यह दावा कैसे कर सकती है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर दी है।

हमारे यहां आवश्यकता इस बात की थी कि लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति सक्षम बनाया जाए, लेकिन इस तरफ कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। हमारे यहां खाद्य आत्मनिर्भरता से जुड़ी पारंपरिक प्रणालियां मसलन खाद्यान्न बैंक ध्वस्त हो चुके हैं।

ग्लोबल हंगर इंडैक्स 2010 ने समस्त देश के लिए चिंता की लकीरें खींच दी हैं। विकास की ऊंची छलांगों पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है जो भुखमरी के बढ़ते तांडव का सूचक है।

सरकार गरीबों का पेट भरने के लिए खाद्य सुरक्षा कानून लाने जा रही है लेकिन बिना तैयारी के लाए जा रहे इस कानून के कई गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

यदि गरीबों को दिए जाने वाले अनाज की कीमतों में वृद्धि नहीं की गई तो सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ता जाएगा।

सरकार के इस नए कानून से पहाड़ी और कम आबादी वाले राज्यों को अनाज आवंटन के मामले में नुकसान होगा।

केन्द्र सरकार ने योग्यता हेतु दिशानिर्देश तय नहीं किए हैं। जिससे अमलीकरण में एक सूत्रता नहीं रहेगी। राज्य सरकारें अपनी-अपनी अलग मापदंड/दिशानिर्देश तय करेंगे, जिससे मार्ग दर्शिकाओं में विसंगतियां रहेंगी।

गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखकर इस विधेयक पर एतराज/असंतो-ा जताया है उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यह योजना सभी राज्यों में लागू होना है। केन्द्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना है। ऐसे में चंद कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों से ही बात क्यों की गई? अनाज ढुलाई और वितरण पर कई संशय हैं, जिनका निराकरण जरूरी है। यह बताता है कि यूपीए-2 सरकार की यह दोहरी राजकीय नीति खाद्य सुरक्षा विधेयक की सफलता के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है।

खाद्य सुरक्षा लाने में केन्द्र सरकार गरीबों को अनाज मुहैया कराना चाहती है लेकिन उनका इरादा कुछ और है। दाल में कुछ काला है कहावत के मुताबिक इस विधेयक में कुछ काला है।

इस विधेयक को कार्यान्वित करने का जो समय निर्धारित किया है वह शंका पैदा करने वाला है। सब्सिडी बिल 31400 करोड़ हो जाएगा, इसके बारे में सरकार ने क्या सोचा है यह स्प-ट नहीं होता है।

मनरेगा के तहत कृ-ाक श्रम की हालत बिगड़ गई है। किसान कृ-ि श्रमिकों की तंगी का सामना कर रहे हैं। सीमांत किसानों की हालत बहुत बुरी है। श्रमिकों को उचित मात्रा में कानून के मुताबिक मजदूरी देना किसान के बस में नहीं है। इतना ही नहीं गांव के आस-पास उद्यौगीकरण के बढ़ावे के कारण कृ-ि श्रमिकों का घाटा हो गया है। अब खाद्यान्न सुरक्षा कानून के कारण श्रमिकों का मिलना/तंगी ज्यादा होगी।

एक ओर कृ-ि उत्पादन में घाटा हो रहा है तो दूसरी ओर इस योजना के कारण खुले बाजार में कितनी मात्रा में अनाज की उपलब्धि होगी, वह भी देखना पड़ेगा।

कृ-ि जमीन में सतत् घाटा हो रहा है। जो लोग कृ-ि जमीन खरीद रहे हैं वह व्यवसायिक तौर पर किसान नहीं हैं। उनका इरादा सिर्फ जमीन में पैसे लगाकर भवि-य में ज्यादा मुनाफा कमाने का है। ऐसी स्थिति में खाद्य सुरक्षा के कारण अनाज की तंगी की संभावना है इसके तहत अनाज के दाम भी बढ़ेंगे। किसानों को उचित मात्रा में बढ़त नहीं मिल पाएगी।

जाहिर है वितरण प्रणाली चल रही है। उनके तहत 45 प्रतिशत बस्ती को ही पहुंच पाए हैं तो इस योजना को किस तरह हम पहुंच पाएंगे।

सब्सिडी देने हेतु लोगों को मदद करना है लेकिन उनका उपयोग राजकीय हेतु से होता है तो वह वाजिब नहीं है। दूसरी ओर देश में अनाज भंडारण की स्थिति और अनाज उत्पादन की क्षमता को भी ध्यान में लिया जाना चाहिए। अगर देश में अनाज की तंगी खड़ी होगी तो विदेशों से अनाज आयात करना पड़ेगा जो महंगा पड़ेगा। ऐसी स्थिति में गरीबों को कितना फायदा होगा वह तो समय ही बताएगा, लेकिन यह तय है कि मध्यम वर्ग की कमर टूट जाएगी।

एक खेती प्रधान देश को आजादी के 67 व-र् बाद भी सस्ते दर के अन्न की सलामति की चिंता करनी पड़ रही है।

रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक 2013 की विसंगतियां

1. इस विधेयक को लाने से गुजरात के 147.7 लाख लोग पहले सब्सिडीयुक्त अनाज लेते थे अब लाभ नहीं ले सकते।
2. इस विधेयक की धारा 9 के अनुसार ग्रामीण तथा शहरी लाभार्थियों की संख्या केन्द्र सरकार ने तय करना है।
3. धारा 10 के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा निश्चित किए गए लाभार्थियों के लिए मार्गदर्शिका राज्य सरकार को बनानी है।
4. धारा 10 के अनुसार लायक परिवारों की यादी (लिस्ट) दर साल नवम्बर में बनानी होगी।
5. इस विधेयक ने कोई भी मापदंड , योग्यता तय किए बगैर लाभ देने का तय किया है।

6. केन्द्र सरकार ने योग्यता हेतु दिशानिर्देश तय नहीं किए हैं,जिससे अमलीकरण में एकसूत्रता नहीं रहेगी। राज्य सरकारें अपनी-अपनी अलग मापदंड/दिशानिर्देश तय करेंगे जिससे मार्गदर्शिकाओं में विसंगतियां रहेंगी।

7. लाभार्थियों के विभिन्न चयन से संविधान की धारा 14 का उल्लंघन होगा।

8. कानून और उसके अमलीकरण प्रक्रिया में विरोधाभास नज़र आ रहा है।

9. विधेयक में राशन कार्ड बनाने तथा उनके वितरण में 180 दिन का समय कम दिया गया है।

10. विविध राज्यों में लाभार्थी की संख्या कौन से मापदंड के आधार पर तय की है इसकी स्प-टता केन्द्र सरकार ने नहीं की है।

11. इस विधेयक ने पहले के (गुजरात में) 147.47 लाख लाभार्थियों का लाभ छीन लिया है। यह स्थिति हरेक राज्य में होगी। गुजरात की बीपीएल की लिस्ट केन्द्र सरकार के पास लंबित है उसको मंजूरी नहीं मिली है। गुजरात सरकार अपने हिसाब से 0.16 और 0.20 तक की बीपीएल के लाभार्थियों को भी सस्ते दाम से पीडीएस मुहैया करवाती है। यह विधेयक पूरी सिक्योरिटी प्रदान नहीं कर रहा है, लेकिन वोट (मत) सिक्योरिटी में परिवर्तित हुआ है।

12. 136.49 लाख गरीबी रेखा के ऊपर के लोग अनाज से वंचित।

13. बीपीएल परिवारों को मिलने वाले अनाज के कोटा में कटौती।

14. भारत सरकार की "मध्याह्न " भोजन योजना में कमी अपर्याप्त जत्था।

15. मध्यम कार्य करता व्यक्ति की कैलोरी के तुलना में कम अनाज।

16. बीपीएल परिवार को मासिक आर्थिक बोझ/अधिक खर्च।

17. विधेयक में अग्रता वाले परिवारों का क्राईटेरिया (मापदंड) तय करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की।

18. विधेयक की धारा 23 के अनुसार भारत सरकार द्वारा दिया अनाज का कम कोटा हो तब अनाज के बदले पैसे देना। परन्तु इसमें भी पैसे के आवंटन में दिक्कतें आएंगी। खाद्य भत्ता भ्र-टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

<u>सुझाव</u>

1. यदि अनाज के बजाय नकद राशि का वितरण कर दिया जाए तो अनाज वितरण के मामले में दी जा रही सब्सिडी की तुलना में प्रत्येक व्यक्ति को दोगुना राशि दी जा सकती है। एफसीआई और पीडीएस की जरूरत भी अपने आप खत्म हो जाएगी।
2. धनराशि के प्रभावी ट्रांसफर के लिए प्रत्येक व्यक्ति के पास यूआईडी कार्ड होना चाहिए और स्थानीय बैंक पोस्ट ऑफिस में अकाउंट होना चाहिए।
3. बाजार की कोशिश होनी चाहिए कि वह उचित दरों पर अनाज उपलब्ध कराए।
4. सुदूर क्षेत्र के गांवों में जहां व्यापारी द्वारा शो-ण का खतरा रहता है उन गांवों में कोऑपरेटिव स्टोर खोले जाने चाहिए।
5. देश को भुखमरी के चुंगल से मुक्त करने हेतु खाद्यान्नों की पूर्ति बढ़ाने के साथ ही खाद्यान्नों की वितरण व्यवस्था का समुचित प्रबंधन भी नितांत आवश्यक है ताकि गरीब वर्ग की खाद्यान्नों तक पहुंच संभव हो सके। भुखमरी और गरीबी को जोड़कर देखना चाहिए।
6. अनाज की तस्करी को रोकना चाहिए और रा-ट्रीय धान भंडारण बैंक बनाना चाहिए। गुजरात राज्य की तरह गांव धान भंडारण योजना लागू करनी चाहिए।
7. खाद्य सुरक्षा विधेयक की व्यवहार्यता की समीक्षा करने हेतु विशे-ज्ञ समिति का गठन किया जाना चाहिए।
8. आज भी देश में भूख और कुपो-ण एक गंभीर समस्या है जिसका पूरा देश सामना कर रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के बीच कुपो-ण की समस्या पर ध्यान केन्द्रित करना जरूरी है जो हमारी इस समस्या के समाधान की रणनीति का केन्द्रबिंदु है। देश भर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्र-टाचार का पर्याय बन गई है ऐसी स्थिति में यह और भी आवश्यक है कि भुखमरी और कुपो-ण को खत्म करने के इरादे से लाई जा रही इस योजना पर संसद में व्यापक विचार-विमर्श हो। अनाज सुरक्षा के साथ-साथ कुपो-ण जो एक रा-ट्रीय शर्म ह, इसको खत्म करने के लिए महिलाओं और बच्चों को प्रोटीनयुक्त खुराक देनी चाहिए जैसे कि गुजरात की दुग्ध संजीवनी योजना है।
9. राज्य सरकार के साथ चिन्हित लाभार्थियों की सूची के बिना अध्यादेश नहीं लाया जाना चाहिए। इसके लिए शिकायत निवारण तंत्र का होना अति आवश्यक है।

10. ज्यादातर राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्र-टाचार और अव्यवस्था से ग्रस्त है, इसके लिए राज्यों का प्रशासन ही अधिक उत्तरदायी है। उसको जवाबदेही बनाना चाहिए।

11. खाद्यान्न सुरक्षा कानून के तहत लोगों को सस्ती दरों पर राशन मुहैया कराने की व्यवस्था मौजूदा समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। सरकार को राजनीतिक हित तलाशने के बजाय समस्या के मजबूत और स्थायी समाधान के उपाय करने चाहिए।

12. पीडीएस के राशन की कालाबाजारी की प्रवृत्ति किसी से छिपी नहीं है। बड़ी मात्रा में राशन डीलर की दुकान पर पहुंचने से पहले ही बाजार में बिक जाता है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।

13. आज महंगाई में जैसी बढ़ोत्तरी हो रही है उस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को फौरन कदम उठाना जरूरी है, उसे न सिर्फ आवश्यक वस्तुओं के निर्यात पर तत्काल पाबंदी लगानी चाहिए बल्कि कृ-ि उत्पादों में सट्टेबाजारी वाले वायदों, व्यापार और फॉरवर्ड कारोबार पर भी पूरी तरह से पाबंदी लगानी चाहिए।

14. भारत व-र्ा में ऐसे कई लोग हैं जिनको सरकार से सीधा लाभ नहीं चाहिए। उनको तो सिर्फ अच्छा जीवन और अच्छी आमदनी चाहिए। इसलिए केन्द्र सरकार लाभ बांटने के बजाए बड़ी मात्रा में नौकरी और रोजगार का सृजन करने पर ध्यान केन्द्रित करे।

15. सरकार को अभिगम लोगों को आरोग्य और शिक्षा की सेवाएं बड़ी मात्रा में उपलब्ध कराने का वातावरण बनाना चाहिए जिससे लोगों को अच्छी आमदनी और गौरवपूर्ण जीवन व्यतीत करने का अवसर मिल सके।

16. इससे किसान शायद उम्मीदें न छोड दे, ऐसा हमें डर है किसानों को उचित मात्रा में अधिक मुआवजा दिए बगैर ऐसे कानून अमल में नहीं लाए जा सकते।

17. देश में 85 प्रतिशत किसान 2 हेक्टेयर से कम भूमि वाले हैं, उन्हें आत्महत्या करने से विमुख करना है तो उनकी जरूरतों को पूरा करना होगा। उनके प्रति अलग दृ-िटकोण अपनाना होगा। खेती के काम को प्राथमिकता देनी ही होगी। खेती में उचित निवेश होना चाहिए, कृ-ि उपज को अच्छी कीमत मिलनी चाहिए। इस कानून से किसान का नुकसान हुआ तो वह उम्मीद छोड़ बैठेगा।

18 जिला लेवल पर गारंटी योजना को क्रियान्वयन के तहत लोक सभा के सदस्यों तथा सांसदों की निगरानी - अध्यक्षता वाली एक कमेटी जल्द से जल्द बनाई जानी चाहिए।

*श्री नारनभाई काछडिया (अमरेली): यह एक गंभीर चिंता का वि-नय है कि यह सरकार द्वारा वोट बैंक को देखते हुए रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा जैसे विधेयक एक अनुचित समय पर लाया जा रहा है।

आज हमारे देश की हालात एक आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहे हैं, देश में महंगाई रुकने का नाम नहीं ले रही है, बढ़ते हुए डॉलर के भाव ने पूरे देश को चिंता में डाल दिया है। हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में है इस कांग्रेस सरकार की कमजोर नीति और हालत को देखकर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान और चाईना देश में कमी भी चढ़ाई कर सकता है। इस कांग्रेस राज में देश की प्रशासन व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है आज हमें अपने ही देश मे रहने में डर लगता है। बहन, बेटियों का कहीं भी कभी भी बलात्कार हो जाता है। यह सरकार प्रशासन व्यवस्था को ठीक रखने में पूरी तरह से फेल रही है। देश में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसी व्यवस्था की बहुत ही दयनीय स्थिति है। यह सरकार अपने राह से भटक चुकी है और आज यह देश और जनता की चिंता न कर अपने वोट बैंक की चिंता में डुबी हुई है और इसी वोट बैंक को देखते हुए एक अनुचित समय में रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विधेयक ला रही है। यह बिल बहुत ही विसंगतियों से भरा हुआ है और इसमें काफी संशोधन होने की जरूरत है।

रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल के क्रियान्वयन होने के प्रसंग में अनाज की वितरण प्रणाली का होना बहुत आवश्यक है। यदि केवल गुजरात की बात करें तो वहां के 9 जिलों में, जैसे - नवसारी, नर्मदा, डांग, दाहोद, तापी, साबरकांठा, पाटन, अमरेली तथा पोरबन्दर में फूड कारपोरेशन का कोई डिपो नहीं है। हमारे विचार से एफसीआई/ सीडब्ल्यूसी द्वारा राज्य में रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल के क्रियान्वयन से पूर्व अतिरिक्त भंडारण क्षमता को कायम रखना मूलभूत आवश्यकता होगी। हम यह भी कहना चाहते हैं कि अनेक जिला/मुख्यालयों को रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है। दूसरी ओर, अनाज भंडार को उनके राज्य तक पहुंचाने के लिए यह आवश्यक है कि रेलवे के माध्यम से ढुलाई कार्य का सृजन करना अति आवश्यक है। अतः रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर

* Speech was laid on the Table

को सुधारने तथा एफसीआई/सीडब्ल्यूसी की भंडारण क्षमताओं के आधुनिकीकरण हेतु कार्य किया जाए।

रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल, 2011 के 31वें कॉलम के अनुसार अनाज वितरण के प्रसंग में केन्द्र सरकार की वित्तीय क्षमताओं के अत्यंत सीमित होने के कारण वितरण प्रणाली अपने में पूर्ण नहीं है, जबकि बिल के कॉलम 31 के अनुसार, राज्य सरकार को अनाज वितरण में बराबर का भागीदार माना जा रहा है, तथा इस वि-नय में राज्य सरकार द्वारा अनाज वितरण करने के प्रसंग में बिल में स्प-ट रूप से दर्शाया नहीं गया है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि वह एफसीआई/सीडब्ल्यूसी डिपो से अनाज उठाकर वितरण दुकानों तक पहुंचाये। इस कॉलम में राज्य सरकार को उपभोक्ताओं तक अनाज पहुंचाने की प्रक्रिया में कमी को सीधे-सीधे जिम्मेदार मानती है और यदि केन्द्र सरकार के समान राज्य सरकार भी खाद्यान्न की ढुलाई वितरकों तक पहुंचाने में जिम्मेदार हो तथा इस प्रक्रिया में यदि कोई कमी हो, तो वितरक भी समान रूप से जिम्मेदार हो।

खाद्य सुरक्षा भत्तों के अंतर्गत आने वाले दावे, जिनका भुगतान नकद रूप से किया जाना चाहिए और इनके भत्तों का प्रावधान श्रम के अनुरूप होना चाहिए, इनके सही पहचान के लिए मनरेगा जैसे एक विशे-ा श्रम कार्ड बनाना चाहिए और उस श्रम कार्ड के आधार पर ही अनाज और भत्ते का वितरण होना चाहिए ताकि होने वाली गड़बड़ी और भ्र-टाचार को रोका जा सके और जरूरतमंद लोगों को इस विधेयक का लाभ मिल सके और उपभोक्ता द्वारा समय रहते शिकायत दर्ज की जानी चाहिए तथा राज्य सरकार को प्राप्ति का हक अथवा दावों को सुधारने का उचित समय मिलना चाहिए। अन्यथा राज्य सरकार पर बड़ी संख्या में नकद भुगतान के दावे एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में खड़े हो जायेंगे। हमारे विचार में यह प्रावधान डायरेक्ट कैश ट्रांसफर योजना के क्रियान्वित होने के पश्चात् ही लागू होना चाहिए, जिससे उपभोक्ता को नकद अथवा अनाज लेने का विकल्प चुनने का मौका प्राप्त हो सके।

गुजरात राज्य ने पीडीपीएस के आधुनिकीकरण के कई अथक प्रयास किए हैं तथा पीडीपीएस सहायता प्रदान करने के वि-नय में भारत सरकार को राज्य सरकारों में भेदभाव नहीं रखना चाहिए।

गुजरात राज्य की यह धारणा है कि वर्तमान प्रणाली चालू रहनी चाहिए तथा डीजीआरओ राज्य के अधिकारियों द्वारा संचालित होनी चाहिए। इस खंड को अंतिम रूप देने से पूर्व इस वि-नय पर राज्य सरकार द्वारा चर्चा करनी चाहिए।

खंड 52 के संदर्भ में गुजरात राज्य का यह मानना है कि बिल का यह खंड चालू रहना चाहिए।

मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि हमारे विचार तथा सलाह इत्यादि को रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल, 2011 के मसौदे में सुधार करे तथा संसद में प्रेन्नित करने के पूर्व राज्य सरकार से चर्चा अवश्य कर लेना चाहिए।

*श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत): कांग्रेस की केन्द्र सरकार द्वारा अगर यूपीए की बात करें तो 2004 में महंगाई हटायेंगे का नारा देकर महंगाई को और महंगा कर दिया और जब 10 साल के करीब समय पूरा होने वाला है तब इन्हें गरीब को याद आयी है। आम आदमी के ऊपर जो राजनीतिज्ञों की छवि बिगड़ी हुई है उसका कारण भी यही है। आमतौर पर जब राजनेता फील्ड में दिखाई देता है तो लोग कहते हैं चुनाव आने वाला है। उसी प्रकार कांग्रेस के मित्र जब गरीब की चिंता करने लगते हैं तो आम आदमी कहने लगता है कि चुनाव आने वाला है।

इस बार सोनिया जी की महत्वाकांक्षी योजना के नाम पर गरीबों को गुमराह करने हेतु एक और शगुफ्ता कांग्रेस ने छोड़ा है। इसका मतलब यह है कि बाकि जो योजनाएं चलाई जा रही है उन पर कांग्रेस तवज्जो नहीं दे रही है, क्योंकि ये सोनिया जी की योजना है।

आगामी चुनाव को ध्यान में रखकर कांग्रेस ने आनन-फानन में अध्यादेश जारी कर दिया। क्योंकि कांग्रेस की नीयत और नीति साफ न होने के कारण यह कदम उठाना पड़ता है। जब विरोध पक्ष ने कहा था कि हम साथ देंगे, पर कांग्रेस कहेगी उस प्रकार से बिल पास नहीं होगा। अगर कांग्रेस मन में देश की गरीबी को हटाने की भावना होती तो सुझाव मान लिए जाते, पर यह नहीं हुआ। रातोंरात अध्यादेश जारी करने से देश की जनता को अब केन्द्र सरकार दिन में तारे नहीं दिखला सकती।

लोकशाही में देश के फेडरल स्ट्रक्चर को छिन्न-भिन्न करना कांग्रेस की पुरानी आदत है। उसी प्रकार यूपीए के सहयोगी भी इस प्रकार से बिल को लागू करना फेडरल स्ट्रक्चर पर हमला मानते हैं, यानि सीबीआई का काम फिर से बढ़ने वाला है, ऐसा प्रतीत होता है।

बिल को लागू करने से पहले से ही कांग्रेस ने प्लानिंग कमीशन के माध्यम से गरीब की सीमा तय करने में -ाडयंत्र रचा और एक रुपए की कीमत को बढ़ाकर गरीबों की रेखा से जिस तरह से गरीबों की थाली से रोटी गायब कर दी। उसी प्रकार देश की गरीबी की संख्या में से 13 करोड़

* Speech was laid on the Table

गरीबों को ही गायब कर दिया। कांग्रेस शासित राज्यों में गरीबी घटी, ऐसे आंकड़े भी बाहर पढ़वा दिए।

लेकिन बीपीएल कार्डधारक को तो कांग्रेस ने फिर से रोने और आत्महत्या के रास्ते जाने पर मजबूर किया है। क्योंकि इस बिल के आने के बाद उसे करीब 10 किलो अनाज ओपन मार्केट से खरीदना पड़ेगा।

केन्द्र सरकार ने पूरा होमवर्क किए बिना ही बिल लागू कर दिया। इस बिल में लाभार्थी कौन होगा, उसकी आर्थिक स्थिति क्या होगी, कुछ भी स्प-ट नहीं है। हर राज्य में गरीबी की सीमा अलग होने की वजह से देश के हर राज्य में अलग-अलग मापदंडों से लाभार्थी तय किए जायेंगे। यह शायद इस बिल का सबसे गुमराह करने वाला मापदंड है। क्या सोनिया जी की महत्वाकांक्षी योजना का कोई मापदंड कांग्रेस नहीं तय कर पा रही है? देश जानना चाहता है कि क्या मापदंड है? इस बिल के कारण बीपीएल कार्डधारक परिवार को करीब सौ रुपए हर महीने खर्च बढ़ेगा। यानि वो या तो हफ्ते में एक दिन भूखा सोयेगा या रोज एक से दो घंटे ज्यादा काम करेगा? इस बिल से देश पर करीब 1.30 लाख करोड़ का आर्थिक बोझ पड़ने वाला है। क्या इसका कोई प्रावधान मनमोहन जी ने किया है? देश का रुपया वैसे भी सरकार संभाल नहीं सकती, हाथ से फिसलता जाता है। उस पर सिर्फ चुनाव जीतने हेतु देश के भले का न सोचते हुए डाला गया ये आर्थिक बोझ देश की प्रगति को रोकने का काम करेगा? या फिर कांग्रेस का सोचना है कि आगे आने वाली सरकार हमारी तो नहीं है तो जो भी होगा वह भुगतेगा?

सगर्भा माता एवं धात्री महिलाओं को भी जो रोकड़ सहायता देने की बात है उससे भ्र-टाचार बढ़ेगा। योजना आप बनाए पर अगर अनाज मुहैया नहीं करवा पाए तो भुगतेगी राज्य सरकार? पहले ही राज्य सरकारों के विरोध को दरकिनार कर इस बिल को लागू करना हमारे फैडरल स्ट्रक्चर पर हमला है।

इससे सबसे ज्यादा नेगेटिव असर कृ-ि पर होने वाला है। पहले ही सरकार कृ-क को उसका मुआवजा नहीं दे रही है। इस बिल के आने के बाद वह सोचेगा की डीजल, बिजली, यूरिया के भावों के चलते नुकसान उठा रहा हूं। अगर अनाज की एक बोरी 200 रुपए में मिलती है तो 1400 का खर्च क्यों करूं।

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मैं इस बिल के पक्ष में संशोधन के साथ हूं।

*SHRI A.T. NANA PATIL (JALGAON): This bill is brought by Government mentioning Article 47 of the Constitution, inter alia, provides that the State shall regard the raising of the level of nutrition and the standard of living of its people and the improvement of the public health as among its primary duties. The Universal Declaration of Human Rights and International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, to which India is a signatory, also cast responsibilities on all State parties to recognize the right of everyone to adequate food. Eradicating extreme poverty and hunger is one of the goals under the Millennium Development Goals of the United Nations.

However, I want to state here that the Government has miserably failed to implement the Millennium Development Goals of the United Nations. In this bill, eradicating extreme poverty and hunger have to be linked with the ever increasing population of India. Providing free food to the households having more than two children should be discouraged as it will lead to the increase in population. The free food should be provided to any household till two children. After two children, the household should be provided the food at minimum support price or market price, which is higher. The Government has not considered the benefit of the tax payer in this bill at all. There is a great fear that after implementing this bill, the population of India will abruptly increase in next few years thereby creating a serious threat to the Government itself. It will be a biggest challenge to provide the basic needs and infrastructure facilities to this increased population which is caused only because of the getting free food to certain sector under the Act. Hence there is an urgent need to rethink on this bill by applying the rule of small families which will keep the future of India in a good shape.

* Speech was laid on the Table.

I also want to stress another aspect of this bill. It is clearly stated in the financial memorandum of this bill that the difference between the economic cost of the food grains and the prices specified in Schedule I, in respect of the proposed coverage and entitlement will be borne by the Central Government as food subsidy. At the above proposed coverage and entitlement, the economic cost of the year 2013-14 and the prices of food grains specified in Schedule I, the total annual expending on food subsidy under Targeted Public Distribution System is estimated at about Rs. 1,08,966 crore. The estimate of food subsidy is however dependent, among other things, upon economic cost, central issue price of food grains, number of beneficiaries covered and quantities of food grains allocated and lifted, and therefore subject to change with changes in any or all of the variables affecting food subsidy. There is a provision of clubbing of most of the existing schemes of food grain supply which are linked with this bill.

This amount of Rs. 1,08,966 crore is provisional. The Government has not disclosed the other hidden cost which the states have to bear. There are speculation that this figure will exceeds up to Rs. 1,75,000 crore. Now I want to invite your attention to the states who are contributing to the national economy with respect to their population in recent years. Under this bill there is every possibility that the states which are contributing more amount of revenue will be a great sufferer or looser, as the major population in such states will not get benefit of free food, as they are tax payers. Alternatively, the states, which are not contributing to the union budget, will get more benefit as,most of their population will be a non tax payer. Here the Government has miserably failed to protect the rights of tax payers. Due to increase in population the tax payers in India are not getting adequate facilities. Instead of getting free infrastructural facilities, the tax payers hav to get different services at a high cost from the private sector. The Government must have declared in the financial memorandum of this bill the statistics regarding the states, who are contributing more amount of revenue to Union budget and their population size who will get the benefit of this scheme,

which is missing part of this Bill. There is an urgent need to discuss this issue with the taxpayers and suggestions should be taken in to account as most of the money for this scheme will be made available only from the taxpayers. This Government is in great hurry, as it never felt to discuss this issue with the taxpayers who will provide the millions of Rupees in next year. This is nothing but the misleading the Hon. House and cheating the Nation and the tax payers.

I also want to bring the attention of this Hon. House to the clause 29 of this bill. In Clause 29, page 10 it is mentioned that "for ensuring transparency and proper functioning of the Targeted Public Distribution System and accountability of the functionaries in such system, every State Government shall set up Vigilance Committees for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, women and destitute persons or persons with disability. Here the Government has forgotten the other backward population which represents more than 50 per cent Indian population. I want to make a special mention that there is creamy layer principal applicable to OBCs which is at present set as 4.5 lakh per year. It means that most of the OBCs are poor and they will need representation in these vigilance committees. I have no hesitation to say that the Ministry of Social Justice and Empowerment and the Ministry of Personnel and Public Grievances have miserably failed to protect the rights of OBCs in spite of several humble requests by many members of this Hon. House. Under these clouds of suspicions regarding the motive of these ministries and their adamant behaviour toward welfare of OBCs, there is an urgent need to include the other backward classes and nongovernmental organizations in these vigilance committees. Otherwise it will be a great mockery of the majority.

I want to put my thoughts which are based on the replies given by this Government on the floor of this Hon. House. This Government has failed to create and maintain required modern and scientific storage facilities till date for long term storage of the quality food grains produced by our farmers in past years. This Government has accepted on the floor of this Hon. House that millions of tones food grains is spoiled and damaged and became uneatable during the tenure

of UPA-I and UPA-II Government. This millions of damaged food grains was not eatable either by human being or by the animals. There is no guarantee that this Government will use every grain produced by our farmers for feeding people or animal. The Government has clandestinely and scandalously sold this damaged food grains for production of alcoholic liquor in past. This food security bill 2013 does not provide adequate guarantee of using our precious food grains for eating, but this Government intends to use it for producing more and more alcoholic liquor instead of using it to end hunger as there is no facility for modern and scientific storage. There is need that the Government should lay on the table of this Hon. House the information regarding selling the damaged food grains to alcoholic liquor factories in past 10 years. We are saying that there is hunger in our country and hence we are bringing this Bill, but at the same time the Government is intentionally and deliberately damaging the food grains so as to use it for production of Alcoholic liquor. Hence, I propose the amendment in Clause 22, page 9, line 7 for "create and maintain required modern and scientific storage facilities at various levels. Substitute "create and maintain required modern and scientific storage, within one year after the commencement of the Act, facilities at various levels."

Lastly I want to give an excellent demonstrated example of the cheating and misleading the nation and the farmers by UPA-I Government regarding providing loan waiver of Rs. 52,280 crore to the farmers to stop the suicides. It is now truth that the real beneficiaries of the 52,280 crore are the members of the UPA constituents only and not the real farmers. In this case, the Union Finance ministry has not verified the real beneficiaries. Rs. 52,280 crore was siphoned away by various banks and financial institutions operated and owned by the UPA constituents. This is not my claim, but it is an established fact by the Comptroller and Auditor General (CAG) of India. The CAG says, for five years the Government made no effort to carry out an audit or to find out if Rs.52,280 crore of taxpayers' money was spent properly. In this case the finance ministry has

finally started taking action on the findings of the CAG, but it seems too little, too late. The CAG has only audited nearly 90,000 accounts out of the total 3.5 crore farmers' accounts. The question now remains, which agency would now audit the remaining over 3.44 crore accounts and whether the money stolen by the UPA constituents would ever be recovered. The question also remains whether this loan waiver of Rs. 52,280 crore was really brought for the farmers or to recover the non performing assets of the institutions owned by the UPA constituents?"

If UPA-I Government has misled this august House in case of Rs. 52,280 crore loan waiver to farmers, then there is every possibility that the UPA-II Government has its hidden agenda in passing this important Bill hurriedly and hastily. Firstly, the Government must prepare the legal, institutional, social and financial framework for implementation of this important Bill by discussing this with all the stake holders. Secondly, the lapses in different schemes of food grains which are clubbed with this Bill should be reviewed. Thirdly, public participation and all stake holders participation including tax payer should be allowed before passing this Bill.

Looking at the past experiences with the UPA-I or UPA-II and various reports and replies tabled on the floor of this Hon. House, it would not be desirable to give such a big amount of Rs. 1,08,966 crore in the hands of UPA-II which are under the shadows of great suspicions.

***डॉ. बलीराम (लालगंज):** सरकार ने जो रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा बिल 2013 प्रस्तुत किया है मैं उसका समर्थन करता हूं । लेकिन इस बिल में जो खामियां हैं बिना उसे दूर किए देश के सभी गरीबों को खाद्य सुरक्षा की गारंटी संभव नहीं है । क्योंकि बिल में उन गरीबों को चिन्हित नहीं किया गया है कि किन्हें इसका लाभ दिया जाएगा । इससे मुझे आशंका हो रही है कि इस बिल का भी दुरूपयोग होगा । क्योंकि सरकार द्वारा यह बिल ऐसे समय पर लाया गया है जबकि कुछ दिन बाद ही इस देश में आम लोक सभा का चुनाव होना है । यह बिल चुनावी लाभ लेने के लिए लाया गया है । अगर सरकार की नीयति साफ होती तो आजादी के 65 साल के बाद यह बिल अब नहीं लाती । अभी हाल में प्लानिंग कमीशन ने जो बीपीएल के लिए मानक निर्धारित किया, इससे इस देश में बीपीएल जारी लोग नहीं मिलेंगे । यदि सरकार की नीयति ठीक होती तो जो बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने 1942 में गरीबों की गरीबी दूर करने के लिए 'सेप्रेट सेटेलमेंट एक्ट' अंग्रेजों के सामने रखा था सरकार उसे लागू करती । बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने इस एक्ट में कहा था कि इस देश की लगभग 85% जनता के पास जमीन नहीं है, ये लोग दूसरे के खेतों पर खेती करते हैं लेकिन उनके बच्चे भूखे और नंगे सो जाते हैं क्योंकि इनके पास खेत नहीं है । ये लोग दूसरों के खेतों पर खेती करते हैं । यदि इन गरीबों को जमीन मुहैया नहीं कराई गई तो ये गरीब अपने गांव और देहात को छोड़कर बड़े-बड़े महानगरों में चले जाएंगे । इस एक्ट में बाबा साहेब ने कहा कि हम किसी लैंड लार्ड की एक इंच भी जमीन नहीं लेंगे । इस देश में जितने भू-भाग पर खेती होती है उसके दूने से ज्यादा भू-भाग परती और बंजर है और सरकार के कस्टडी में है । यदि इन्हीं जमीनों को सरकार भूमिहीन गरीबों में वितरीत कर दे तो ऐसे गरीब दूसरे के खेतों पर खेती न करके अपने खेतों पर खेती करेंगे और इनके बच्चे कभी भी भूखे और नंगे नहीं सोएंगे । इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी । लेकिन आजादी के बाद बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की इस योजना को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया ।

यदि आज भी सरकार अपनी नीयत सही कर ले तो अभी भी इतनी ज्यादा जमीनें हैं कि यदि इन्हीं जमीनों को गरीबों में बांट दे तो इस तरह के फूड सिक्योरिटी बिल की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । इसलिए मैं सरकार से इस बिल में सुधार करने की सिफारिश करता हूं :-

खाली पड़ी जमीनों को भूमिहीनों के बीच में बांटना ;

गरीबों की पहचान कर उनकी संख्या निर्धारित करना ;

खाद्यान्न सही लोगों को मिलें ;

---

* Speech was laid on the Table

प्रत्येक राज्य में ज्यादा से ज्यादा भंडारण की व्यवस्था करना ;

किसानों के उत्पादित अनाज को सरकार खरीदने की गारंटी ले ;

सरकार राज्यों को ज्यादा से ज्यादा धन उपलब्ध कराएं जिससे यह योजना रूके नहीं ;

योजना जिनके लिए बनाई गई है इसका लाभ उन्हीं लोगों को मिले ;

समय-समय पर इसकी निगरानी करना । जिससे इस योजना का दुरूपयोग न हो सके ;

बीपीएल. एपीएल और गरीबों के लिए जो मानक बनाए गए हैं उसमें सुधार करना ;

***श्री गणेश सिंह (सतना):** खाद्य सुरक्षा विधेयक से देश के हर जरूरत मंद आदमी को फूड सिक्योरिटी दी जानी है, किंतु मुझे संशय है कि यह बिल फूड सिक्योरिटी कम वोट सिक्यूरिटी अधिक दिखाई दे रहा है । देश की आजादी के 67 वर्ष हो गये, प्रथम प्रधानमंत्री जी ने रोटी कपड़ा मकान देने के वायदे के साथ अपना कार्यकाल प्रारंभ किया था । वह सिर्फ वोट तक सीमित रह गया जब इंदिरा गांधी जी प्रधानमंत्री बनी ति उन्होंने गरीबी मिटाने का नारा दिया था , हमेशा से गरीबों के लिए, हर चुनाव के पहले कोई न कोई लुभावना नारा देकर वोट लेने का काम होता रहा है ।

इसलिए मैं कह रहा हूं कि क्या इस विधेयक को पारित कराने के पहले उद्देश्य स्पष्ट करना होगा समूचे देश भर में कितने लोग गरीबी रेखा मे है , इसके वास्तविक आंकड़ों का पता ही नहीं है, राज्यों की गरीबी रेखा है उसे केन्द्र मानता नहीं तो इस योजना का क्रियान्वयन किनके बीच में होगा यह पता ही नहीं है,

जिस देश का योजना आयोग गरीबी की वास्तविकता से अनभिज्ञ हो उस देश में गरीबों के पक्ष की कौन सी योजना सफल हो सकती है । कभी तो यह कहा जाता है कि जो ग्रामीण क्षेत्र के परिवार 26 रूपये खर्च करने की हर रोज स्थिति में है तो वह गरीबी रेखा से बाहर हो जायेगा । इसी तरह से शहरी क्षेत्र में 32 रूपये जो खर्च कर सकता है वह गरीबी रेखा से बाहर होगा ।

मैं मानता हूं कि गरीबों के साथ इससे बड़ा और मजाक नहीं हो सकता इसलिए मैं कहता हूं कि गरीबी तो यह सरकार हटा नहीं पाई अब गरीबों को ही हटाने में जुट गई है ।

देश के अंदर कई ऐसे राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब जहां गरीबों को पेट भर भोजन उपलब्ध् कराने की कारगर योजनाएं चल रही है, उनको ध्यान में रखकर इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया जाना चाहिए । अभी तो बिल में फूड सिक्योरिटी कम वोट सिक्यूरिटी अधिक दिखाई दे रही है।

मध्य प्रदेश जैसा राज्य जहां 76 लाख परिवारों को एक रूपया किलो गेहूं, 2 रूपया किलो चावल तथा 1 किलो नमक उपलब्ध करा रही है । इसी तरह से कई अन्य राज्यों में भी योजनाएं चल रही है ।

इस पूरी योजना में प्रति व्यक्ति प्रति दिन 166 ग्राम खाद्यान्न प्रदान करने की बात कही गई है जो कि अत्यंत कम है इस योजना से जरूरत मंद देशवाशियों की भूख नहीं मिटाई जा सकती है ।

---

* Speech was laid on the Table

इस योजना को अंतिम रूप देने के पहले उन परिवारों की खोज की जाय जिनको सस्ते खाद्यान्न की जरूरत है हमारा खद्यान्न का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके उपज का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाये तथा उत्पादित खाद्यान्न की शत प्रतिशत खरीदने की गारंटी दी जाए । इस योजना में 650 लाख टन अनाज की जरूरत पड़ेगी और गोदामों मों मात्र 400 लाख टन अनाज मंभारण की सुविधा है । शे-ा 250 लाख टन अनाज कहां रखेंगे यह कैसी फूड सिक्योरिटी है जब अनाज के भंडारण की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है तो किस बात की गारंटी दी जा रही है इसके साथ ही अंतिम आदमी तक हुए योजना को पहुंचाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली से व्यापक सुधार करना पड़ेगा वर्तमान में इस प्रणाली में घनघोर भ्र-टाचार हो रहा है । यदि इसी व्यवस्था में यदि योजना को चलाने का इरादा है तो भ्र-टाचार को बढ़ावा देना होगा,

छत्तीसगढ़ सरकार ने जो व्यवस्था इस प्रणाली में लागू किया है इस मॉडल को देश में लागू करना पड़ेगा ।

खाद्यान्न में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को विशे-ा सुविधाएं देने पड़ेंगे क्योकि किसान अत्यंत निराश है । कर्ज की बोझ से अब तक 2.75 लाख किसानों ने आत्महत्या कर चुके हैं और वह सिलसिला अभी भी जारी है , 40 प्रतिशत किसान खेती की जग अन्य व्यापार करना चाहता है । देश में खेती लायक जमीन घटती जा रही है, फार्म सिस्टम खेती होने लगी है जो सिर्फ कागजों में है, अतः खेती के क्षेत्र में जो निराशा बढ़ती जा रही है उसे आशा में बदलना होगा, इसलिए इस योजना को धरती मे उतारने के पहले राज्यों को विश्वास में लेना चाहिए तथा आने वाले खर्चों की पूरी व्यवस्था केन्द्र सरकार को करनी चाहिए यदि राज्यों पर योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंप दी जायेगी तो पूरी संभावना है कि योजना असफल हो जाएगी ।

फूड सिक्योरिटी के क्रियान्वयन हेतु नए सिस्टम को बनाना होगा तभी इसका लाभ लोगों को मिल पायेगा ।

जो संशोधन मेरे दल की तरफ से दिये गये हैं उन्हें शामिल किया जाए मैं बिल का संशोधन के साथ समर्थन करता हूँ ।

***श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक 2013 में निम्न बातों का समावेश करना चाहता हूं ।

इस विधेयक में सात बिन्दुओं पर अपना संशोधन प्रस्तुत किया है । पूरी तरह से यह बिल किसान विरोधी है । किसानों की जमीन से लेकर उत्पाद में मूल्य व खरीद की पक्की गारंटी होनी चाहिए । भारतव-र्ष किसानों का देश है । आज भी 75% लोग खेती पर निर्भर है । देश की आर्थिक स्थिति कृ-ि पर निर्भर है । आज भी देश में निर्धन एवं अति निर्धन लोगों की संख्या निर्धारित नहीं है । देश में 7% लोग आज भी गरीब हैं । उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए । अभी तक केवल 1997 के आधार पर (बीपीएल) कार्ड है । ए.ए.वाई. का भी सही आंकड़ा नहीं है । देश में सही बीपीएल एवं अंत्योदय कार्ड जरूरतमंद लोगों की करने की आवश्यकता है । देश में अति निर्धन लोगों को निःशुल्क अनाज देने की व्यवस्था करनी चाहिए । सुप्रीम कोर्ट के आदेश थे गरीब लोगों को निःशुल्क अनाज बांटना चाहिए । राज्यों पर आर्थिक बोझ न पड़े । पूरा खर्च भंडारण, परिवहन, वितरण की व्यवस्था केन्द्र को खर्च करना चाहिए । देश में वितरण की एकरूपता ला-ने के लिए गाइड लाइंस होनी चाहिए । यह बिल लागू करने से पहले देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन (बैठक) बुलाना चाहिए । पहले खाद्य मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों से राय लेकर लागू करना चाहिए । जबकि राज्यों के खाद्य मंत्रियों के सम्मेलन पर आम सहमति नहीं बन पाई थी । राज्यों पर सीधा 36 से 40 हजार करोड़ का खर्च लागू करने पर बोझ उठाना पड़ सकता है । बहुत सारे राज्यों ने अच्छे कार्य किए हैं जैसे तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश में अच्छे वितरण के कार्य चल रहे हैं । उक्त बिल में किसानों के सुरक्षा, संरक्षण का कहीं जिक्र नहीं है । 1, 2 एवं 3 रूपये प्रति किग्रा. से आवंटन होने से काफी अनाज की कालाबाजारी होगी । अनाज सस्ते दाम पर आने से गेहूं, चावल के दाम प्रभावित होंगे । किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाएगा । लाभार्थियों की संख्या में कटौती होगी । गरीबों का भला नहीं । केवल राजनैतिक रोटी, वोट के लिए यह बिल लागू किया जा रहा है । वर्तमान समय में मिल रहे अन्-ाज में करीब 28% कटौती होगी । वर्तमान समय में अन्तोदय योजना (बीपीएल) को प्रतिमाह 35 किग्रा. गेहूं, चावल मिल रहा है । इस बिल में एक परिवार में 5 सदस्य मान रही है । परिवार के बजाय सदस्यों की संख्या मान रहे हैं । एक सदस्य को 5 किग्रा. मिलेगा । 10 किग्रा. की कटौती हो जाएगी । 25 किग्रा. 5 सदस्यों वाले परिवार में केवल 15 दिन चलेगा । वर्तमान में बीपीएल परिवार को 145 रूपये में 35 किग्रा.

---

* Speech was laid on the Table

गेहूं मिल रहा है । अब 25 किग्रा. 50 रूपये में मिलेगा । न्यूनतम मूल्य (एम.एस.पी.) 10 किग्रा. गेहूं 135 रूपये में मिलेगा । बीपीएल परिवार को 145 रूपये के बजाय कम से कम 185 रूपये में 35 किग्रा. गेहूं मिल पाएगा । ए.ए.वाई. परिवार संकट में होगा । 35 किग्रा. गेहूं 70 रूपये में मिल रहा है । बिल से 185 रूपये में 35 किग्रा. मिलेगा । देश में ए.वाई.ए. और बीपीएल 45 करोड़ से अधिक है । 90% करीब 100 करोड़ सरकार के वर्तमान पी.डी.एस. से अनाज आवंटन कर रही है ।

67% (80 करोड़ जनता) को ही लाभ होगा । आज भी पूरे भारत में विश्व के एक-तिहाई गरीब भारत में है । यह विश्व बैंक की रिपोर्ट है । आज भी पूरे भारत में 44 हजार करोड़ रूपये के अनाज, फल, सब्जियां बर्बाद हो रहा है । योजना आयोग द्वारा 2012 में गठित सुमित्रा चौधरी समिति ने कहा 61.3 मिलियन टन भंडारण क्षमता की जरूरत है । मौजूदा समय 29 मिलियन टन की भंडारण क्षमता है । 32 मिलियन टन का अंतर है । 13309 करोड़ रूपये की फल सब्जियां बर्बाद हो जाती है । अगर अनाज, गेहूं, चावल, अन्य अनाजों को शामिल करें तो 44 हजार करोड़ हो जाता है । हमने 7 संशोधन दिए हैं । क्र. सं. 132, पृ-ठ 2, पंक्ति 15 गेहूं के अलावा दलहन प्रतिस्थापित किया जाए । 133 क्र.सं., पृ-ठ 3, पंक्ति 14 में अभिप्रेत हैं, के पश्चात और इसके अंतर्गत अकेले रहने वाले नागरिक शामिल किए जाए । 134 क्र.सं., पृ-ठ 3, पंक्ति 33 और 34 अनुसूचि 1 में विनिर्दि-ट सहायता प्राप्त कीमतों पर प्रतिमास प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम खाद्यान्न के स्थान पर निःशुल्क प्रतिमास प्रति व्यक्ति आठ किलोग्राम खाद्यान्न और पर्याप्त मात्रा में चीनी, दलहन और खाद्य तेल प्रतिस्थापित किया जाए । क्र.सं. पृ-ठ 3, पंक्ति 37 पैंतीस किलोग्राम के स्थान पर पचास किलोग्राम प्रतिस्थापित किया जाए । क्र.सं. 136, पृ-ठ 4, पंक्ति 2 - ग्रामीण जनसंख्या के पचहत्तर प्रतिशत तक और नगरीय जनसंख्या के पचास प्रतिशत तक के स्थान पर सात प्रतिस्थापित किया जाए । क्र.सं. 138, पृ-ठ 7, पंक्ति 20 के पश्चात निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाए । परंतु यह और भी उसमें एक सदस्य कृ-ाक समुदाय से और एक सदस्य कृ-ि श्रमिक में से होना चाहिए । धारा 22 (4) डी में संशोधन होना चाहिए । एक रूपये प्रति किलोग्राम का प्रावधान होना चाहिए । धारा 3(1) में संशोधन 7 किग्रा. खाद्यान्न बांटना चाहिए । धारा 3(1) आवंटन सदस्य की जगह परिवार मानना चाहिए ।

विधेयक को तीन समूहों में लाभार्थियों का वर्गीकरण, लाभार्थियों की पहचान करने और इन समूहों में उन्हें रखने की प्रक्रिया बड़े समावेश और बहि-कार त्रुटियों के लिए हो सकता है।

कई हकों और शिकायत निवारण संरचना के लिए राज्य विधानसभाओं को पर्याप्त बजटीय आवंटन करने की आवश्यकता होगी। आवंटन बजट एवं पर्याप्त धनराशि राज्यों के पास नहीं है जिससे विधेयक का कार्यान्वयन प्रभावित हो सकता है।

---

* Speech was laid on the Table

विधेयक प्राथमिकता और सामान्य परिवारों को हकों के लिए निर्धारित कट ऑफ संख्या के लिए एक औचित्य प्रदान नहीं करता है। विधेयक भूखे और बेसहारा लोगों के लिए इसी तरह की परिभा-ा पदान करता है, हालांकि दो समूहों के हक भिन्न होते हैं।

भारत ने मानव अधिकारों की सार्वभौम घो-ाणा (1948) और पर्याप्त भोजन के लिए आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार (1966), पर अंतर्रा-ट्रीय वाचा पर हस्ताक्षर किए। भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्व यह है कि लोगों के जीवन का पो-ाण और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार राज्य का कर्तव्य है।

1996 में उत्तर प्रदेश की चमेली सिंह बनाम राज्य में, सुप्रीम कोर्ट के अन्य अधिकारों के बीच, "किसी भी सभ्य समाज में गारंटी जीने का अधिकार भोजन के अधिकार का तात्पर्य है। "

2001 में, सिविल लिबर्टीज के लिए पीपुल्स यूनियन (पीयूसीएल) "भोजन के अधिकार " संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदान किए गए मौलिक "जीवन के अधिकार " का हिस्सा है की रिट याचिका दायर की।इस मामले में चल रही मुकदमेबाजी में, कोर्ट ने कई अंतरिम आदेश जारी किया है। 2001 में कोर्ट ने कानूनी हकों के रूप में आठ केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन का आदेश दिया।

इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई), मध्याह्न भोजन योजना और दूसरों के बीच में एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), शामिल हैं। 2008 में कोर्ट में गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) परिवारों को रियायती दर पर प्रति माह खाद्यान्न 35 किलो के हकदार करने का आदेश दिया।

अक्तूबर, 2010 में, रा-ट्रीय सलाहकार परि-ाद (एनएसी) ने कानूनी हकों का प्रस्ताव पारित कर एक रा-ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक का मसौदा तैयार किया। जनवरी, 2011 में, डॉ. सी. रंगराजन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री द्वारा गठित एक विशे-ाज्ञ समिति ने विधेयक की जांच की और कम्प्यूटरीकरण पीडीएस के हकदार जनसंख्या के अनुपात को कम करने सहित कई सिफारिशों को बनाया। एक मसौदा विधेयक सितम्बर में सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा परिचालित किया गया था।

जिला शिकायत निवारण अधिकारी (डीजीआरओ) हकों को लागू करने और शिकायतों की जांच और निवारण करने के लिए राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त किया जाएगा। पीड़ित व्यक्ति हकदार

अनाज या भोजन के गैर वितरण के संबंध में डीजीआरओ को शिकायत कर सकते हैं, ऐसा विधयेक में उल्लिखित है।

केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा रा-ट्रीय और राज्य खाद्य आयोगों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक आयोग में एक अध्यक्ष, पांच सदस्य और एक सदस्य सचिव होंगे। कम से कम दो सदस्य महिलाएं तथा दो अनुसूचित जाति और जनजाति के समाज से होंगे। किसी भी सदस्य को निश्चित आधार पर हटाया जा सकता है।

डीजीआरओ के आदेश से असंतु-ट कोई भी व्यक्ति राज्य आयोग में अपील कर सकेगा। अपील के अगले दौर में रा-ट्रीय आयोग में सुनाई होगी, रा-ट्रीय और राज्य खाद्य आयोग स्वप्रेरणा या एक शिकायत प्राप्त होने पर या तो हकों के उल्लंघन में पूछताछ कर सकते हैं।

सिविल अदालतों की शक्तियों, लोक सेवकों को एक डीजीआरओ द्वारा सिफारिश की राहत प्रदान करने में नाकाम रहने का दो-ी पाया तो 5,000 रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। आयोग द्वारा किए गए प्रयास करने के लिए, सम्बन्धित अधिकारिता वाले एक मजिस्ट्रेट को किसी भी मामले को आगे करने की शक्ति प्राप्त होगी।

राज्य और रा-ट्रीय आयोग विधेयक के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन पर संबंधित सरकारों को सलाह दी जाएगी। रा-ट्रीय आयोग ने भी मौजूदा योजनाओं में सिनर्जिंग और हकों के लिए नई योजनाएं तैयार करने पर सलाह ली जा सकती है।

हर राज्य सरकार, राज्य, जिला, ब्लॉक और एफपीएस के स्तर पर सतर्कता समितियों का गठन किया जाएगा, ये समितियां अधिनियम के तहत सभी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी और अधिनियम या धन का किसी भी कदाचार या अनियमितताओं के किसी भी उल्लंघन की डीजीआरओ को सूचित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

इस विधेयक में अभी भी बहुत से सुधार करने की जरूरत है। यह कहना कि यह विधेयक अपने आप में सम्पूर्ण है, सरासर गलत होगा। अभी भी बहुत से बारीकियों को समझने की जरूरत है। अगर सरकार इन बारीकियों को समझ लेती है और बिल की कमियों का निवारण कर लेती है, तो निश्चित रूप से यह बिल देश के गरीबों के लिए वरदान साबित होगा।

***श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर):** मैं सरकार का ध्यान खाद्य सुरक्षा बिल की खामियों की तरफ दिलाना चाहता हूं, सरकार ने 5 व्यक्तियों (लोगों) को एक परिवार मानते हुए 25 किलो खाद्यान्न महीना के लिए बिल में व्यवस्था की है, इस हिसाब से प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक टाइम के लिये 82 ग्राम खद्यान्न होता है जो एक व्यक्ति के लिए पूर्ण नहीं है । 2 रू0 किलो खाद्यान्न के हिसाब से एक परिवार के लिए 25 किलो खाद्यान्न 50 रू0 में मिलता है जब कि पूर्व मं बीपीएल धारकों को 35 किलो खाद्यान्न 145 रूपये मे मिलता था, आज यदि हम 10 किलो खाद्यान्न मारकेट से लेते हैं तो कम से कम 35 रूपये हमें और देना होगा । इस तरह पूर्व के हिसाब से 35 किलो खाद्यान्न की व्यवस्था हेतु 185 रूपया खर्च करने पड़ेंगे जबकि बीपीसी कार्ड धारकों को पूर्व में 35 किलो खाद्यान्न 145 रूपये में ही मिलता था इस तरह यह जिन गरीबों के साथ एक धोखा है । आजादी के बाद अमीर-अमीर होता चला गया, गरीब-गरीब होता चला गया, इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया, आज बुखार को पैरासिटामोल टेबलेट देकर ठीक किया जा रहा है, बुखार का असली कारवा क्या है उस तरफ हम ध्यान नहीं दे पा रहे हैं । इससे भवि-य में और गरीबी बढ़ेगी, गरीबी के निदान हेतु उसे पूर्ण रूप से कारणों को तलासना पड़ेगा ।

दूसरी तरफ किसानों के हित की बात बिल में नहीं की गयी है । आज किसान हर-तरफ से मारा जा रहा है, अब उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है । किसान अभी खेती करने से कतरा रहा है, खेती दिन प्रतिदिन महंगी होती जा रही है । नेता का बेटा नेता बनना चाहता है, डाक्टर का बेटा डाक्टर बनना चाहता है, लेकिन किसान का बेटा किसान नहीं बनना चाहता है, इस पर सरकार को गंभीर चिंतन करना होगा, क्योंकि जब देश की कृ-ि मजबूत होगी तभी देश मजबूत होगा ।

* Speech was laid on the Table

***श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** आज जनसाधारण को गरिमामय जीवन व्यतीत करने के लिए सस्ती कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में क्वालिटी खाद्य की सुलभता को सुनिश्चित करके मानव जीवन चक्र खाद्य व पो-ाण संबंधी सुरक्षा विधेयक पर सदन में चर्चा हो रही है । महोदया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के 65 साल बाद भी हम देश की एक बड़ी आबादी को भोजन मिल पाने की गारंटी नहीं दे पाए । हां, यह जरूरत है कि सबके इस देश में कुछ लोग दिन-दूना-रात-चौगुना बढ़े । कुछ जो कई तरह से पूरे परिवार के साथ कड़ी-से-कड़ी मेहनत करते हैं उन्हें भूखे पेट सोना पड़ता है और तरह-तरह के कुपो-ाण से बर्बाद होना पड़ता है ।

यह अब भी स्प-ट नहीं है कि इसके ग्राही पात्र कौन होंगे । ग्राही पात्रों का चयन कैसे होगा । क्या चयन में प्रदेश सरकारों पर इस बात का भरोसा कर लिया जाए कि जिस तरह से बीपीएल सूची में प्रभावी लोगों का नाम सम्मिलित हो गया और वास्तविक व्यक्ति छूट गया क्या फिर यही होगा । सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसे वास्तव में आवश्यकता है वह इसका पात्र जरूर हो । नहीं तो प्रभावशाली फिर उन गरीबों का हिस्सा पात्र बनकर खा जाएंगे ।

यहीं नहीं एक प्रयास हुआ है कि योजना का लाभ डोर से डोर तक पहुंचाया जाएगा । परंतु क्या इसकी भी दशा वर्तमान वितरण प्रणाली की तरह तो नहीं होगा । इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न के गोदाम की व्यवस्था नहीं हुई है । एक बार किसान से गांव में खाद्यान्न लेकर दूर गोदामों में ले जाया जाएगा और फिर उसे गांव में वितरण हेतु लाया जाएगा । इसी दौरान जहां ढुलाई व्ययभार बढ़ेगा वहीं कालाबाजारी का खेल भी इसी दौरान हो जाएगा और फिर गरीबों का हिस्सा खाकर जवरा लोग मालामाल हो जाएंगे । महोदया, बहुत हो गया, सरकार चेते, नहीं तो -

छेड़ने से मूक भी वाचाल हो जाता है ।
टूटने से शीशा भी काल हो जाता है ।
देश के गरीबों को इतना न सताओ लोगों,
जलने से कोयला भी लाल हो जाता है ।

सभी जातियों में गरीब हैं । कहीं कम, कहीं ज्यादा । परंतु उनकी पहचान में गांव की राजनीति न आड़े आए तो उनकी पहचान हो जाएगी । परंतु गांव में प्रभावशाली व्यक्ति अपने लोगों को सूचीबद्ध करा लेता है, वास्तविक गरीब छुड़वा देता है । यदि उसके गोल का नहीं है । एसटी, एससी,

---

* Speech was laid on the Table

ओबीसी माइनरी के गरीब सहित सर्वण, ग्रामीण व शहरी - कहीं के भी गरीब न छोड़े जाय । वही उ.प्र. में दाने-दाने को मोहताज भर - राजभर, वाथम , विन्द, धीमर, खार, कश्यप, केवट, कुम्हार, लोनिया, नोनिया, चौहान, प्रजापति, मल्लाह, मछुआ नि-ाद, नाई-तुरहा आदि मजदूर जातियों की संपूर्ण आबादी को इस योजना का पात्र बनाकर देश की मुख्यधारा में जोड़कर भूख से मरने से बचाया जाए ।

*श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर): यह बिल आने वाले दिनों में खोखला साबित होने वाला है क्योंकि बिल को देखने के बाद बहुत सारे सवाल खड़े होते हैं। जैसे कि किसान से कौन सा अनाज क्या कीमत से खरीदा जाए, कौन खरीदेगा, हर राज्य को खरीदने को कहेगा? या केन्द्र सरकार अनाज खरीदेगी या बाहर के देश से अनाज खरीदेगी - यह सब बहुत सारा प्रश्न उपस्थित है।

अच्छा यह होता कि यह बिल लाने से पहले हर राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ चर्चा करने के बाद अपने-अपने राज्य की राय लेने के बाद जो अच्छे सुझाव मिला है उसको सम्मिलित करने के बाद बिल लाया होता। सरकार चुनाव को ध्यान में रखते है और वोट को आकर्ित करने के लिए नए-नए बिल लेकर आते हैं। यह सरकार गरीब के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अलग होना चाहती है। कोई अगर बिल लाकर कुछ काम हुआ है ऐसा मुझे नहीं लगता। सरकार को यह पता है कि फूड बिल पास होने से यूपीए सरकार की छवि सुधारने की कोशिश की जा रही है।

देश आजाद हुआ था, उसके बाद कुछ समय के अंदर यह बिल लाने की जरूरत थी। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। आज हमारे पास जो सिस्टम है उसी को आधार बनाकर आगे चलने की जरूरत थी। यह भी देखना चाहिए था कि अभी जो बिल लाए हैं उसका विपरीत असर क्या होगा। सरकार ने ऐसा नहीं सोचा लगता है। सरकार जब-जब अपने कर्तव्य-जिम्मेदारी नहीं निभा सकती, तब-तब यूपीए सरकार अपनी गलती को छुपाने के लिए नये कानून बनाने का सोचा होगा ऐसा लगता है। हमारे देश की बहनें और महिलाओं को सुरक्षा न दे यह सरकार - बाद में महिला सुरक्षा बिल लाया। बिल पास करने के बाद भी आज भी बलात्कार जैसी घटना रूकी नहीं है। ऐसा ही हाल फूड बिल का है। देश में भूखे लोग मर जाते हैं। उनको हम खाना दे न सके, यह जिम्मेदारी सरकार की है। अगर गरीब आदमी को खाना दे सकते, ऐसा हुआ होता तो बिल का लाने की जरूरत नहीं थी। सरकार कानून बना के जिम्मेदारी से भटकना चाहती है।

कानून से कुछ भी होने वाला नहीं है। आज जरूरत सही सोच की है, ईमानदारी की है, काम के प्रति सही रुचि रख के काम करने वालों को प्रोत्साहित करने की है, ईमानदारी को सरकार को बढ़ावा देने की जरूरत है।

---

* Speech was laid on the Table

सब सरकार - सब समाज को - साथ रखकर आगे बढ़ने की है। कोई भी दल हो, सही काम करने वाले व्यक्ति को उनकी सोच को बढ़ावा देने की जरूरत है।

श्री लालू प्रसाद (सारण): सभापति महोदय, आज का दिन, श्री कृ-ण जन्मा-टमी का समय चल रहा है, इस ऐतिहासिक और शुभ समय में सरकार ने देश के गरीबों के लिए, दबे-कुचले समाज के लिए, सताये हुए लोगों के लिए, शेड्यूल कास्ट, शेड्यूल ट्राइब, ओबीसी, माइनोरिटी, मोस्ट बैकवर्ड क्लासिज़ और वंचित समाज के लिए, जो समाज के अंदर तकलीफ में हैं, जिनकी आमदनी नगण्य है, जिनकी जेब में चावल खाने के लिए पैसे नहीं हैं, जिनकी जेब में गेहूं खाने के लिए पैसे नहीं हैं...(व्यवधान) ऐसे समय में ऐसे कानून को सदन के सभी लोग सरकार के द्वारा लाए गए खाद्य सुरक्षा कानून को पास करने जा रहे हैं। यह नारा किसका था? यह शुरू के दिनों में लेफ्ट का नारा था। हम लोग नारा लगाते थे कि जब तक भूखा इंसान रहेगा, धरती पर तुफान रहेगा। आज जब यह नारा लागू होने की बात आयी तो तरह-तरह के तर्क और कुतर्क दिए जा रहे हैं। मुझे अफ़सोस है कि मुरली मनोहर जोशी जी जब भा-ण कर रहे थे तो इस बिल पर कमेंट करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे समय में आप कानून पास करने जा रहे हैं, कांग्रेस के लोग आपको बता रहे थे कि आप जा रहे हैं और वे आ रहे हैं।...(व्यवधान) लेकिन यह भूल जाते हैं।...(व्यवधान) इसमें देखा गया होगा कि भाजपा के ऊपर, नेताओं के ऊपर, इनकी पार्टी के ऊपर किस तरह से दोहरी बात करते हैं। ये रेडिकल प्रोग्रेसिव बात करते हैं कि देश भर के गरीबों का ध्यान इस बात पर आ जाए कि हमारे लिए दो रुपये किलो गेहूं और तीन रुपये किलो चावल प्राप्त होगा।...(व्यवधान) आप लोग क्या बात करते हैं? ये आरोप लगाते हैं कि चुनाव आ गए हैं, इसलिए वोट लेने के लिए यह योजना ला रहे हैं।...(व्यवधान) जब प्याज का दाम बढ़ गया, तो दिल्ली में बीजेपी 20 रुपए किलो प्याज बेच रही थी। ये प्याज बेचने वाले लोग हैं और ये आरोप लगा रहे हैं।...(व्यवधान) ठीक है, समय पर आपका इलाज तो हो ही गया है।...(व्यवधान) अभी तो डायवोरस हुआ और आप दोनों जो फाइट कर रहे हैं, वह हम नहीं बोलने वाले हैं।...(व्यवधान) महोदय, हम जो कानून बनाने जा रहे हैं, कानून में त्रुटियां हो सकती हैं, इम्प्लिमेंटेशन को भवि-य में ठीक किया जाएगा लेकिन एकता करके और इस बिल की पवित्रता पर उंगली उठाना उचित नहीं है। यह सभी की जिम्मेदारी है।...(व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय सोनिया गांधी जी का भा-ण बहुत गौर से सुन रहा था। सोनिया गांधी जी के मन में गरीबों के लिए जो पक्का इरादा है, इस योजना में पैसा बाधक या साधक नहीं है। ऐसा लोकप्रिय कार्यक्रम देश में लागू हो कर रहेगा, इसे कोई शक्ति रोक नहीं सकती है।

19.00 hrs.

इसलिए आप लोग भी इसमें गंगा स्नान करिए।... (व्यवधान) भाजपा के लोग, सभी दल के लोग हैं। हमारे बिहार राज्य में हमें यह ध्यान देना पड़ेगा कि हमारा बाढ़ग्रस्त इलाका है। गंगा नदी रा-ट्रीय नदी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा। लेकिन नॉर्थ बिहार में हम जब गोदाम नहीं बनाते, स्टोरेज की कैपेसिटी यदि हमारे पास नहीं है तो फिर इस कार्यक्रम को हमें गरीबों तक पहुँचाने में कठिनाई होगी।.... (व्यवधान) चाहे 6 महीने में या साल भर में गोदाम बने। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार की संख्या ज्यादा से ज्यादा अभी भी जो परिवार छूटे हुए हैं, राज्य सरकार जो बनाकर देती है, उसको स्वीकार करना चाहिए ताकि कोई वंचित नहीं हो। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाला परिवार आपको मालूम है, देश को मालूम है, कि मनरेगा के बाद भी बिहार से बड़े पैमाने पर गरीब लोग पंजाब, हरियाणा, लुधियाना, सूरत और मुम्बई में रोजी-रोटी की तलाश में माइग्रेट करते हैं। इन गरीबों की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

यह भी सुना गया है कि सरकार आर्थिक सहायता देने के लिए कोई मानक बदलने वाली है। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाला जो परिवार छूटा है, हमें उसकी तरफ ध्यान देना पड़ेगा। ऐसा नहीं हो कि एक गरीब को मिले और दूसरा गरीब टुकुर-टुकर ताकता रहे। उनकी सूची में सुधार करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार से मिलकर सर्वे कराकर और सर्वे के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जो परिवार छूटा है, उनको जोड़ने की आवश्यकता है। मैं ज्यादा लंबा-चौड़ा भा-ण नहीं करना चाहता। सात बजे माननीय मंत्री जी का जवाब है। इसलिए यह जो कानून हम लोग बनाने जा रहे हैं, इसका बहुत ही दूरगामी असर होने वाला है। इसलिए मैं सत्ता पक्ष को, श्रीमती सोनिया गाँधी जी को और माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि आप इसको लेकर आए हैं। हमारा दल इसका पूरी तरह से समर्थन करता है।.....(व्यवधान)

SHRI S.S. RAMASUBBU (TIRUNELVELI): I convey my hearty thanks for the opportunity to express my views on this important and historical Food Security Bill 2013.

In order to raise the level of nutrition, the standard of living of the poor and to improve the public health in the State level universally the National Food Security will be a boom to the poor.

Food security means availability of sufficient food grains to meet the domestic demand as well as access to the individual level adequate quantities of food at affordable prices.

The Bill has a special focus on the needs of the poorest of the poor women and children.

Salient Features

Separate entitlements for pregnant women and children 6 months of age and up to 14 years, they will get subsidized food grains under TPDS.

Coverage of 75%, 50% and urban population under TDPs with the uniform entitlement of 5 kg. per person per month is a remarkable provision.

Eldest women household of age 18 years or above to be the head of the household for the purpose of issuing cards. It is a really an empowerment of women in society.

Already our UPA Government introduced the MNREGA in rural areas. Here also the equal wage for men and women is to empower the women in rural areas are successful one.

* Speech was laid on the Table

Total estimated annual food grains requirement is 612.3 lakh tonnes. The estimated subsidy to implement is about Rs.1,24,747 crore under existing scheme. The TDPs subsidy is Rs.1,00,953 crore. Now the Government has to bear the additional outlay of about Rs. 23,794 crore.

The famous poet and a freedom fighters said furiously in his word:

THANI ORUVANUKKU UNAVU ILLAI ENIL
ICHJAGATHINAI AZHITHIDUVOM

The meaning of the strong words of Subramania Bharathi is that if there is no food for a single person we will destroy or demolish this entire globe itself.

Now the dream of Poet Subramania Bharathi is realized by introduction of this historical bill. Our Madam Sonia Gandhi Chairperson of UPA Government by putting mercy on poor people cautiously brought into reality which is going to benefited the poor, children and women. Each and every people is going to appreciate this Bill.

URUPASIYUM OVAPPINIYUM SERUPAGAIYUM
SERATHIYALLADHU NAADU.

This is the " Thirukural" written by Saint Thiruvalluvar.

The meaning is that a country can be strong enough when there is no starvation, when there is no health hazard and when there is no continuous aggression from enemy countries.

Under the nine and a half years of rule our UPA Government, we protect this country from external aggression, protect the people from health hazards by introducing health mission, and protect the country from external threat from enemy countries and menace of terrorism.

Our UPA Government introduced this Bill in order to put an end to poverty and starvation. The entire nation is accepting this Bill. Each and every State should co-operate with Central Government to fulfill the need of the food materials to the poor by introducing and following the TPD system properly.

श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक (बारामुला): सभापति महोदय, मुझे इस बात का एहसास है कि मंत्री जी जवाब दे रहे हैं और आज का समय इस पर समाप्त होता है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप मेरी तरफ थोड़ा ध्यान देंगे और दो-चार मिनट में मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं अपनी बात शुरु करने से पहले कहना चाहता हूं:- ''उनको बारिश का डर नहीं होता. जिन बेचारों का घर नहीं होता।'' उन बेचारों के लिए सरकार जो यह खुराक की गारंटी का कानून लेकर आई है, मैं कहना चाहूंगा कि लाना तो यह बहुत पहले चाहिए था लेकिन बड़ी देर कर दी हुजूर आते-आते। मैं सरकार को मुबारक देता हूं कि यह कानून लेकर आई और...(व्यवधान) कृपया मुझे अपनी बात कहने दीजिए। काबिले तारीफ है, गरीब परवरी का कदम है। मैं एक बार कुछ लोगों के साथ मोहतरम ज़नाब अटल बिहारी वाजपेयी जी से उनके निवास पर मिला था जब वे प्रधानमंत्री थे। उन्होंने नसीहत अनम से कहा था कि जमूरियत की कद्र, कीमत क्या है? तो मैंने हाथ जोड़कर अर्ज़ किया कि ज़नाब मैं आपके निवास के सामने गाड़ी से ज्यों ही रुका तो नीमगहन औरतें, बहनें और सूखे खली के पंजर कुछ बच्चे खिड़कियों से भीख मांगने लगे। मैंने उनसे कहा कि बताइए इस जमूरियत का इनके लिए मकसद क्या है? क्या मकसद है इस जमूरियत का इस गरीब के लिए, उस बच्चे के लिए, उस जवान के लिए जिसकी मां सड़क पर दो पैसे के लिए हाथ फैलाती है? उसके लिए न संसद का कोई मकसद है और न इस जमूरियत का कोई मकसद है। जब तक संसद और सब मिलकर उसे डिग्निफाइड लाइफ नहीं देंगे, एक बा वक़ार जिंदगी नहीं देंगे, उसकी इज्जत के नफ्स को बहाल नहीं कर सकेंगे तो न उसके लिए जमूरियत कुछ है, न आपके भा-ाण कीमत रखते हैं, न आपकी तकरीरें कुछ कीमत रखती हैं, न बड़ी-बड़ी बातें कीमत रखती हैं। लाखों करोड़ों भिखमंगे, लाखों करोड़ों बंधुआ मजदूर, लाखों करोड़ों औरतें और बहनें सड़कों पर अपनी अस्मत फरोख्त करते हैं दो वक्त की रोटी के लिए, क्या हमें इस पर नहीं सोचना चाहिए। अब इसमें भी हम इलैक्शन लाएं? ये इलैक्शन के लिए लाए होंगे? जरूर लाए होंगे और इलैक्शन की नीयत भी होगी। लेकिन एक जमहुरी निज़ाम में, पार्टी सिस्टम में यह कोई जुर्म नहीं है। अगर परिक्रमा वहां निकाल सकते हैं इलैक्शन के लिए...(व्यवधान) तो ये क्यों नहीं कर सकते? इसमें क्या गुनाह है?...(व्यवधान) अगर हम राम और भगवान का नाम इलैक्शन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं तो इसमें क्या गुनाह है कि अगर एक बिल यहां आता है?

रखियो ग़ालिब मुझे तलख़ नवाई से माफ़,
आज कुछ दर्द मेरे दिल में सवां होता है।

मेरे साथियो, 1951 में हमारे रहनुमां जनाब-ए शेर-ए-कश्मीर मरहूम ने लैंड टू टिलर कानून पास किया था और सारे जागीरदारों की, सारे जमींदारों की ज़मीनें छीनकर कानून बनाया और किसानों को मुफ्त

बिना मुआवजा दी थी। आज तक आप नहीं कर पाए, क्यों नहीं कर पाए? हमारे नक्शे कदम पर चलो, हमने किया है। हम ही वो थे जिन्होंने फर्स्ट प्राइमरी से लेकर यूनिवर्सिटी क्लास तक मुफ्त तालीम दी थी और उसी की बहार है जो कश्मीर में है। मेरे दोस्तों, एक दूसरे पर इल्ज़ाम आहिस्ता-आहिस्ता लगाओ, कोई दिक्कत नहीं है। अब इलैक्शन आ रहे हैं, लाउडस्पीकर लगेंगे, एक-दूसरे के खिलाफ गले खुलेंगे। लेकिन इस हकीकत को मान लो कि यह बहुत बढ़िया कदम है।

रियासती सरकारों को एतमाद में लाओ, इसका मानिटरिंग सिस्टम ठीक करो। ऐसा न हो कि आप गल्ला देते जाएं और सड़क पर बिचौलिए और बेईमान दरमियान खाएंगे और गरीब भूखा रहे। मानिटरिंग सिस्टम ठीक होना चाहिए।

MR. CHAIRMAN : Please wind up. Your time is over.

श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक : डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को देखना होगा कि इसमें कोई गलती न हो। मैं एकतियाद करता हूं। ऐसा न हो कि बीच वाले लोग आकर गल्ला खाएं और जिनके लिए बिल पास किया है वे हलके रह जाएं।

कश्मीर में मोबाइल टेलीफोन का सिलसिला शुरु हुआ तो बड़े आदमियों ने मज़दूरों को दिन भर फार्म भरने के लिए लाइन में रखा। सारे मजदूरों को 200 रुपए लेकर लगाया और टेलीफोन अमीरों ने ले लिए और गरीब ऐसे ही रह गए।

MR. CHAIRMAN: What is the connection between telephone and food security? You have to come to the point. What is this?

श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक : दो मिनट दे दीजिए।

***श्री ओम प्रकाश यादव (सिवान):** मैं खाद्य सुरक्षा विधेयक 2013 के समर्थन में करता हूं । जैसा कि हम सब जानते हैं यह विधेयक इस सरकार के चुनाव घो-णा पत्र का एक अहम हिस्सा था । 2009 के चुनाव के समय सरकार ने जो वादा किया था उसे 2013 में पूरा किया जा रहा है ।

यद्यपि शायद ही कोई व्यक्ति ऐसे प्रगतिशील विधेयक का विरोध करेगा । लेकिन इस विधेयक में कुछ खामियां हैं जिसकी तरफ मैं सरकार और सदन का ध्यान दिलाना चाहूँगा । सबसे पहली बात यह है कि इस विधेयक का कार्यान्वयन जन वितरण प्रणाली के माध्यम से किए जाने का प्रस्ताव है । लेकिन जन वितरण प्रणाली हर राज्य में समान रूप से प्रभावकारी नहीं है । विशे-ाकर उत्तरी भारत के राज्यों में जन वितरण प्रणाली में व्यापक भ्र-टाचार व्याप्त है । विधेयक में यह स्प-ट नहीं है कि ऐसे प्रगतिशील विधेयक को एक भ्र-ट प्रणाली कैसे अच्छी तरह क्रियान्वित कर पाएगी और निर्धनतम तबके को, जिसे खाद्य सुरक्षा की सबसे अधिक जरूरत है, इसका लाभ कैसे मिल पाएगा । मेरी समझ में जन वितरण प्रणाली को मजबूत करना नितांत आवश्यक हे ताकि इस विधेयक का लाभ समाज के सबसे न चले स्तर तक पहुंच सके ।

विधेयक की धारा 8 में खाद्य सुरक्षा भत्ता के अधिकार का उल्लेख है । लेकिन भत्ते की राशि और इसके मिलने की अवधि के बारे में कोई उल्लेख नहीं है । यह कार्य केन्द्र सरकार द्वारा बनाए जाने वाले नियमों पर छोड़ दिया गया है । मेरे विचार में भत्ते की राशि का उल्लेख विधेयक में ही किया जाना चाहिए था और इस भत्ते को मुद्रास्फीति से जोड़ देना चाहिए था ।

तीसरा, इस विधेयक को लागू करने की पूरी जिम्मेवारी राज्य सरकारों पर डाल दी गई है । इस विधेयक में केन्द्र सरकार के दायित्व बहुत सीमित रखे गए हैं । लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या राज्यों के पास इतने वित्तीय संसाधन हैं कि वह इस विधेयक के अंतर्गत अपने दायित्वों का समुचित पालन कर सके। राज्य खाद्य आयोग के गठन, सतर्कता समिति के गठन और विधेयक में प्रस्तावित अन्य जिम्मेवारियों के निर्वहन में राज्य सरकारों का जो व्यय होगा उसे पूरा करने का विधेयक में कोई प्रावधान नहीं किया गया है ।

---

* Speech was laid on the Table

खाद्य सुरक्षा विधेयक 2013 देश के करोड़ों निर्धनों के खाद्य सुरक्षा के लिए एक क्रांतिकारी कदम है और इसकी कुछ खामियों को दूर कर दिया जाए और इसका प्रभावकारी अनुपालन सुनिश्चित कर दिया जाए तो देश से भूखमरी और कुपो-ाण मिटाने में काफी सहायता मिलेगी । सदन का ज्यादा समय न लेते हुए मैं एक बार फिर से इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

***SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD):** It is an attempt by the Congress party to woo poor and middle-class voters ahead of federal polls in 2014,

Identification of Beneficiaries: How the Government plans to identify beneficiaries of the program. Under an existing food program, subsidized grain is provided to individuals earning less than the benchmark poverty line, set at 33 rupees (55 cents) a day in urban areas and 27 rupees (45 cents) a day in rural areas. The new bill doesn't spell out the groups that qualify as beneficiaries or how the government plans to identify them.

Distribution of Grains: Distributing grains through a state-run channel riddled with irregularities and corruption. Under India's existing food program, as much as half of the grains procured by the Government are siphoned off by middlemen before reaching their intended beneficiaries, according to a report by India's Planning Commission in 2005. Much of subsidized food, experts say, ends up being sold illegally in markets rather than in fair price shops.

The Bill is not able to provide full calories for a person: An adult person needs 2,500 calories per day as per National Institute of Nutrition recommendations, but your scheme proposes to give 165 grams per person per day, which would provide only 350 calories, which is hardly 20 per cent of his daily calorie requirements. Even under the mid-day meal scheme, school gong children are entitled to about 150 grams of food grains and 30 grams of pulses for one meal. Approximately 100 grams of food grains provides 350 calories. As per this calculation, one person should get 21 kg of food grain, against which you (Centre) plan to give only 7 kg of food grains.

Below poverty line families, which get 35 kg of food grains at present, would henceforth get only 25 kg under the proposed bill. You are not able to offer even half of the calories required by a below poverty line family. So how will the

*Speech was laid on the Table.

the country improve and how will food security be achieved. In a nation concerned about meeting nutritional requirements, it is a bill that will push the nation towards malnutrition. The proposed Food Security Bill will keep the poor hungry and snatch away his food. Several entitlements and the grievance redressal structure would require state legislatures to make adequate budgetary allocations. Implementation of the Bill may be affected if states do not pass requisite allocations in their budgets or do not possess adequate funds.

The Bill does not provide a rationale for the cut-off numbers prescribed for entitlements to priority and general households. The grievance redressal framework may overlap with that provided in the Citizens' Charter Bill that is pending in Parliament. Schedule III of the Bill specifies goals which may not be directly related to food security. It is unclear why these have been included in the Bill. The Bill provides similar definitions for starving and destitute persons. However, entitlements to the two groups differ.

The Bill divides the population into three categories: a priority group, a general group, and others. Any scheme that separates the population into categories requires the identification and classification of beneficiaries.

Targeting mechanisms have been prone to large inclusion and exclusion errors. In 2009, an expert group estimated that about 61 per cent of the eligible population was excluded from the BPL list while 25 per cent of non-poor households were included in the BPL list. Under the Bill, it is unclear how the problem of inclusion and exclusion errors will be addressed. A scheme that provides universal coverage would not be prone to such errors, but could have significantly higher costs. Since entitlements shall extends "up to" 75 per cent of the rural and "up to" 50 per cent of the urban population, the exact extent of the entitlements is not clear. This implies that the actual number of people entitled to food may be less than 75 per cent of the rural and 50 per cent of the urban population.

There are two issues with regard to these entitlements. First, the Bill does not provide a rationale for prescribing specific cut-off numbers for the share of the population included in priority and general groups. Secondly, the minimum requirement of including 46 per cent of the rural population and 28 per cent of the urban population in the priority group implies that the government will have no flexibility to revise this figure (without passage of an amendment by Parliament), even if the share of the population living in poverty changes over the time.

***SHRI BHAUSAHEB RAJARAM WAKCHAURE (SHIRDI):** I support the National Food Security Bill on behalf of Shiv Sena. This Bill will meet a long standing need of the rural and urban sector population who live below the poverty line.

Briefly, I will touch upon the coverage of the Bill, what my colleagues have largely reflected upon. The Food Security Bill will cover up to 75 per cent of the rural population and up to 50 per cent of the urban population to give them uniform entitlement of rice, wheat and coarse grains at subsidized rate. Overall, it will make around 80 million of India's 1.2 billion population entitled to subsidized food grain under the Targeted Public Distribution System. Chapter V of the Bill, vide Clause 13 stipulates that in case of non-supply of the entitled quantities of food grains to the entitled persons, food security allowance will be paid to them.

The rollout of the food security programme will also mean that the Government's food security bill will rise to Rs.1,24,724 crore in a year (at 2013-14 cost basis). Budget 2013-14 had pegged the subsidy at Rs.90,000 crore. While the central subsidy will go up, it will benefit the states, such as Chhattisgarh, Odisha, Tamil Nadu, West Bengal, Andhra Pradesh, Madhya Pradesh which are already implementing the subsidized food distribution programme, by lessening their subsidy burden. The Central Government has to ensure that it does not in any manner add to the financial burden of the state. This is a legislation, so far as it gives a legal guarantee to the poor and food insecure population, creates a hope for the future provided it is implemented with due diligence. I know this is not going to be an easy task. A lot has to be done in the areas of strengthening the PDS, identifying the targeted population, creating sound system of warehousing and above all stamping out corruption at all levels. The Bill has provided six months window to the states for preparedness, before it is implemented. Right from the procurement of food grains to stocking to off-taking and distribution –

* Speech was laid on the Table.

there is a long chain that governs the provisions of this historic legislation. Let's not create any divide between the Centre and the States, but it can be possible only if the areas of operation of the States are duly respected. Special care has also to be taken building capacities and infrastructure, besides governance reforms. We can collectively ensure the success of this legislation in a spirit of national cooperation. If we fail in this mission, we will be harshly judged by our poor and downtrodden brethren.

With these words, I commend the National Food Security Bill and urge all sections of the House to support this.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): सभापति महोदय, आज जो बिल सदन में लाया गया है, मैं इस वि-ाय पर कहना चाहती हूं कि हम इस बिल का समर्थन करते हैं, लेकिन हम इसका समर्थन संशोधन् के साथ करना चाहते हैं। आजादी के इतने लम्बे समय के बाद जब यह बिल सदन में लाया गया है तो कुछ ज्वलंत प्रश्न आज इस सदन में खड़े हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं - **"**जब तक रोटी के प्रश्नों पर पड़ा रहेगा भारी पत्थर, कोई ख्वाब तुम सजाना नहीं, मेरी गली में खुशी खोजने अगर कभी तो आना तुम।**"**

मुझे ऐसा लगता है कि शायद रोटी का प्रश्न जीवन की सबसे गम्भीर सच्चाई की ओर इंगित करता है। भूखा व्यक्ति हमेशा लोगों को बद्दुआ ही देता है। आजादी के इतने लम्बे समय के बाद हम इस वि-ाय को लेकर इस सदन में खड़े हैं। मैं बार-बार आज इस वि-ाय के बारे में सोच रही थी, आज सदन में पूरे दिन चर्चा चली है। 2009 में तत्कालीन रा-ट्रपति जी ने संयुक्त सत्र को सम्बोधित किया था, वह प्रथम सत्र था। खाद्य सुरक्षा विधेयक लाया जायेगा, यह तत्कालीन रा-ट्रपति जी ने उस समय संयुक्त सत्र को सम्बोधित करते हुए प्रथम सत्र में 2009 में कहा था। मैं केवल यह पूछना चाहती हूं कि 2009 के बाद 2010 बीता, 2011 बीता, 2012 बीता और अब 2013 चल रहा है, आखिर इतने लम्बे समय तक यह सरकार खाद्य सुरक्षा विधेयक क्यों नहीं ला पाई। इसलिए हमें आपकी मंशा पर संदेह है और यह बात स्प-ट है कि आप केवल श्रेय की राजनीति करना चाहते हैं और आप श्रेय की राजनीति के तहत ही इस बिल को लाये हैं। चुनाव सामने हैं, चुनाव के लिए आप भी तैयारी कर रहे होंगे, इसमें कोई अन्यथा वि-ाय नहीं है। लेकिन मैं केवल एक बात कहना चाहती हूं कि जिस दिन तक आप भूख पर राजनीति करेंगे और भूख पर राजनीति करने वाला कभी नहीं फलता है, यह बात तय है, उसे भूखे लोगों की बद्दुआ जरूर लगती है। इसलिए अगली बार आप यहां बैठेंगे। ...(व्यवधान) मैं छत्तीसगढ़ पर अभी आने वाली हूं। ...(व्यवधान)

महोदय, 15वीं लोक सभा में मैंने पहली बार यूपीए की अध्यक्षा को बोलते हुए सुना, मैंने उन्हें पहली बार सुना है ...(व्यवधान) और मैं केवल एक बात कहना चाहती हूं कि आज उन्होंने पढ़कर अपनी जिन बातों को कहा है, जितने प्रश्न उन्होंने यहा खड़े किये हैं, यह मेरे लिए भी अच्छी बात है कि वह सदन में मौजूद हैं। मैं कुछ लाइनों के माध्यम से कहना चाहती हूं, ये गरीबों के लिए हैं, जो मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं -

"पहले उतर हृदय में देखो, फिर तुम उनकी बात करो,
गुड़ खाना तो छोड़ो पहले, फिर गुड़ की बात करो।
अभिला-ा में सिंहासन है, अधरों पर है भ्र-टाचार,
चलकर इस पर दिखलाओ, क्या होता है शि-टाचार,
संकल्पों को साफ करो, फिर तुम उनकी बात करो।"

मैं यह बात इसलिए कहना चाहती हूं कि यहां यह वि-नय भी आया, इस सदन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोई ऐसा भी तबका है जो भाग्यशाली नहीं है। केवल एक ज्वलंत प्रश्न है कि आजादी के इतने सालों के बाद भी उनके भाग्य में यदि किसी ने दुर्भाग्य लिखा तो वह दुर्भाग्य किसने लिखा।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, अभी छत्तीसगढ़ की बात हो रही थी। मैं छत्तीसगढ़ के वि-नय में कहना चाहती हूं कि यह वह राज्य है, जहां हमने इस योजना को केवल सत्र में लाकर राजनीतिक श्रेय लेने के लिए चार साल का इंतजार नहीं किया। हमने ईमानदारी के साथ शुरूआत की और सन् 2007 में हमारे यहां के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, जिनको वहां लोग डॉ. रमन सिंह के नाम से नहीं जानते, बल्कि चावल वाले बाबा के नाम से जानते हैं, एक संवेदनशील व्यक्ति के रूप में उनको पहचानते हैं। कहीं पर 2-जी, कहीं पर बाकी दूसरे जो महासमर हुए हैं, इसमें ऐसा भी एक महासमर हो सकता है, जो संवेदनशीलता के साथ में अपनी बातों को धरती पर उतार सकता है, यथार्थ के धरातल पर उतार सकता है। सन् 2007 में छत्तीसगढ़ में पीडीएस मॉडल को लागू किया गया। छत्तीसगढ़ को एक-दो पुरस्कार नहीं मिले हैं, बल्क रा-ट्रीय स्तर के ही 6 पुरस्कार मिले हैं। जब आपके केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ में आते हैं, तो हमारे मुख्यमंत्री की तारीफ कर के जाते हैं, क्योंकि वे तारीफ करने के लिए मजबूर रहते हैं।

माननीय सभापति जी, मैं इस बात को भी कहना चाहती हूँ कि हमें 6 पुरस्कार मिले। छत्तीसगढ़ के पीडीएस मॉडल को, वहां के ई-गवर्नेस के साथ 6 रा-ट्रीय पुरस्कार मिलना किसी राज्य के लिए छोटी-मोटी बात नहीं है। अन्य वि-नयों पर राजनीति करना अलग बात है। लेकिन जो छत्तीसगढ़ का पीडीएस मॉडल है, वह इस देश का सर्वश्रे-ठ मॉडल है, यह बात हमने ही नहीं कही, हमने ही केवल इसे नहीं बताया है, बल्कि इस बात को इस देश का सुप्रीम कोर्ट भी कहता है। यह इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ का पीडीएस मॉडल बेहतर है। 14.09.2011 को सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को कहा कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ के पीडीएस मॉडल को लागू किया जाना चाहिए। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने 14.09.2011 को दिया है।

माननीय सभापति जी, मैं केवल एक वि-नय और कहना चाहती हूँ कि जो छत्तीसगढ़ का पीडीएस मॉडल है, उसे एज़ इट इज़ क्यों नहीं लागू किया जा रहा है? उसे एज़ इट इज़ नहीं लागू करने के पीछे केवल और केवल एक ही मंशा है कि वह श्रेय भारतीय जनता पार्टी को न मिल जाए। जिसके लिए हम लगातार कोशिश कर रहे हैं। जिस बात की कोशिश आप लगातार कर रहे हैं कि फिर से उधर बैठने की जुगत में क्या-क्या किया जाए। अगर एक तरह से देखा जाए तो हमारे यहां केंद्र और राज्य संघीय प्रणाली में काम करते हैं। हमारे यहां संघीय प्रणाली में केंद्र राज्य को सहयोग करता है। माननीय सभापति महोदय, मुझे यह कहते हुए बहुत दुख भी है कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य को जितने खाद्यान्न की आवश्यकता थी,

उतना खाद्यान्न केंद्र की ओर से नहीं मिला। जब हमने अपनी बात कही और खाद्यान्न की मांग की तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कुछ खाद्यान्नों का वितरण हमें जरूर आवंटित हुआ। लेकिन उस आवंटन के बाद भी 31.05.2013 को छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्यान्न के लिए जो पत्र लिखा, उस पत्र पर आज तक केंद्र सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया, कोई आवंटन नहीं दिया।

माननीय सभापति जी, इसलिए मैं कहना चाहती हूँ कि केंद्रीय सरकार सीधे-सीधे संघीय प्रणाली पर आघात कर रही है। यदि केंद्र और राज्य का समन्वय नहीं होगा तो आप इस योजना को धरातल पर नहीं उतार सकते हैं। यह शाश्वत सत्य है और आप इससे इंकार नहीं कर सकते हैं।

महोदय, आज सदन में बात हुई। किसानों की भी बात हुई। खाद्यान्न कहां से आएगा? हम किन दीर्घकालिक योजनाओं के तहत खाद्यान्न की व्यवस्था करेंगे? हमारे ऊपर कितना भार पड़ेगा?

सभापति महोदय, मंत्री जी ने बिल में जिन वि-नयों को कहा है, मुझे लगता है कि कोई भी वि-नय स्प-ट नहीं है। दीर्घकालिक उपलब्धता की क्या स्थिति होगी? इस वि-नय पर भी कहीं कोई बात नहीं कही गई है। अनाज के भण्डारण और वितरण प्रणाली की क्या व्यवस्था होगी? इस प्रकार हम इस विधेयक को आज यहां पर पारित ज़रूर कर रहे हैं, लेकिन अगर हमने इन छोटे-छोटे वि-नयों पर ध्यान नहीं दिया तो मुझे लगता है कि आने वाले समय यह बिल भी वही होगा। बीच में जो लीकेज की बात है, आपने खुद स्वीकार किया है कि बीच में लीकेज है। लेकिन छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां पर हमने पूरी व्यवस्था को कंप्यूट्रीकृत कर के पारदर्शिता लाई है। अगर आप देखेंगे, तो आज खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में हमारे यहां पर छत्तीसगढ़ सर्वोच्च स्तर पर खड़ा है। यह जो छोटे-छोटे लीकेज की व्यवस्था है, इस पर हम क्या करेंगे?

सभापति जी, मैं एक बात कहना चाहती हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य में जिस व्यवस्था को लागू किया गया है, मैं इसे संशोधन के माध्यम से भी बाद में उसको प्रस्तुत करूंगी। लेकिन मैं इस वि-नय को जरूर कहना चाहती हूं कि छत्तीसगढ़ यदि 90 प्रतिशत लोगों को ले सकता है तो अभी तक आपने जिनको भी लिया है, आपने एक तरह से गरीबी का मजाक उड़ाया है।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ में अंत्योदय परिवार हैं और अंत्योदय परिवार में छत्तीसगढ़ में पैंतीस किलो खाद्यान्न प्रति कार्ड प्रति माह दिया जाता है।...(व्यवधान) इसके साथ ही साथ हमारे यहां दो रूपए किलो...(व्यवधान) बिना पैसे के नमक, यह पहला राज्य है, जहां पर दो रूपए...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ में एक व्यवस्था है।...(व्यवधान)

महोदय, अंत्योदय में हम पैंतीस किलो खाद्यान्न के साथ में बिना पैसे का नमक, दो किलो चना, दो किलो दाल की व्यवस्था भी हम दे रहे हैं। एक तरह से जो कुपो-ण की एक समस्या है।...(व्यवधान) माननीय सभापति जी, मैं आपका संरक्षण चाहती हूं। आप बार-बार वि-नयों पर न टोकें। यह गंभीर वि-नय है,

यह मजाक का वि-नय नहीं है। जिन वि-नयों पर मैं बात कह रही हूं, आपके वि-नय पर मैंने नहीं टोका, इसलिए आप मेरी बात को एक बार गंभीरता से सुनिए।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ में यह लागू है।...(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): कांग्रेस इस वि-नय को लेकर गंभीर नहीं है।...(व्यवधान)

कुमारी सरोज पाण्डेय : महोदय, नमक, चना और दाल भी हम छत्तीसगढ़ में बांट रहे हैं। हमारे यहां हम इसे देते हैं, लेकिन एक तरफ जो बिल लाया गया है, उसमें चावल तीन रूपए किलो, गेहूं दो रूपए किलो और मोटा अनाज है। मैं केवल एक प्रश्न पूछना चाहती हूं कि जिस बिल को आप यहां पर लाए हैं, उस बिल में चावल, गेहूं और इस मोटे अनाज से आप कुपो-ण की समस्या से कैसे मुक्ति पाएंगे? यदि छत्तीसगढ़ की सरकार दाल दे सकती है, छत्तीसगढ़ की सरकार बिना पैसे का नमक दे सकती है, अगर वह चना दे सकती है, तो यह व्यवस्था आप क्यों नहीं लागू कर सकते हैं?...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे इस बात को कहना चाहती हूं कि आप ऐज इट इज उसे लागू करें।...(व्यवधान)

महोदय, हम एपीएल को भी पन्द्रह किलो खाद्यान्न दे रहे हैं और इस बिल में इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया है।...(व्यवधान) मैं एक वि-नय और भी कहना चाहती हूं कि बीपीएल में जो परिवार शामिल किए गए हैं, हमारे यहां पर छत्तीगढ़ के मॉडल में हमने स्प-ट तौर पर इस बात को कहा है।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ का नाम सुनने में मुझे मालूम है कि आपको परेशानी होगी।...(व्यवधान)

महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगी।...(व्यवधान) अंत्योदय प्राथमिकता परिवार में और सामान्य परिवारों के चिन्हांकन के लिए यह बीपीएल है और इसमें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े श्रेणी समूहों का स्प-ट वर्गीकरण किया गया है।...(व्यवधान) बीपीएल में कहा गया है...(व्यवधान) मैं केवल एक बात कहना चाहती हूं कि केवल वोट की राजनीति मत कीजिए।...(व्यवधान) आपने जिन वि-नयों को कहा है, हमने अपने यहां पर मुखिया बनाया,...(व्यवधान) महिला को मुखिया बनाया है।

महोदय, मैं केवल एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगी।...(व्यवधान) मैं केवल इतना कहना चाहती हूं कि जिन वि-नयों को जिस मंशा के साथ यह सरकार लेकर आयी है, वह मंशा स्प-ट नहीं है और उस मंशा में खोट है।...(व्यवधान) छत्तीसगढ़ के पीडीएस मॉडल ऐज इट इज यदि लागू किया जाता है तो मुझे लगता है कि इस देश का भी भला होगा और आपकी नीयत भी साफ हो जायेगी कि आप केवल इसे चुनाव के लिए लाये हैं या यह विदायी का आपका अन्तिम भा-ण था। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

*श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): "देर आए दुरुस्त आए " वाली कहावत खाद्य सुरक्षा बिल पर चरितार्थ होती है। सरकार द्वारा देर से उठाया गया उचित कदम है। मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

इस बिल के आने से देश की करीब दो-तिहाई आबादी अथवा 65 से 70 प्रतिशत आबादी को खाद्य सुरक्षा की गारंटी अथवा अधिकार मिल जाएगा। चावल 3 रुपए किलो, गेंहू 2 रुपए किलो और मोटा अनाज 1 रुपए किलो दिए जाने का जो प्रावधान है, उसका मैं पुरजोर समर्थन करता हूं।

महात्मा गांधी, लोहिया जी और जयप्रकाश नारायण जी, जिस अंतिम व्यक्ति की बात किया करते थे, वह सपना इस बिल के द्वारा साकार होने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। इस बिल के समर्थन के लिए मैं सभी दलों से अपील करूंगा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस बिल में अपने आवश्यक एवं सार्थक संशोधनों के साथ पास कराने का कार्य करें, क्योंकि यह अति गरीब, गरीब और किसानों, मजदूरों के हित का प्रश्न है।

फिलहाल यह योजना तीन वर्ष के लिए लागू की जा रही है। चावल पर लगभग 23 रुपए प्रति किलो और गेंहू पर लगभग 18 रुपए प्रति किलो। इसमें छह लाख करोड़ की तीन वर्ष में सब्सिडी दिए जाने की सरकार की योजना है। यह पैसा कहां से सरकार ला रही है, इसके बारे में संसद और सांसदों को जानकारी देने की कृपा करें।

मेरी जानकारी के अनुसार मौजूदा वक्त में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को 7 किलो गेंहू 4.15 रुपए प्रति किलो और चावल 5.65 रुपए प्रति किलो के आधार पर हर महीने मिलता है। इस बिल के अमल में लाने से तीन साल के लिए कीमतों में संशोधन किया जाएगा।

इस योजना के लागू होने से वर्तमान 2013-14 वित्तीय वर्ष में 612.3 लाख टन अनाज की जरूरत होगी?

केन्द्र सरकार को ही अनाज की खरीद एवं वितरण के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

---

* Speech was laid on the Table

गांवों की 75 फीसदी और शहरों के 50 फीसदी आबादी इस योजना के दायरे में आएगी, यह आंकड़े सरकार ने किस आधार पर इक्ट्ठा किए हैं?

प्रत्येक परिवार को अनाज उस परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार मुहैया कराया जाए। यह मेरा सुझाव है।

इस बिल में कुछ प्रावधानो को किस प्रकार सरकार द्वारा लागू किया जाएगा इस पर भी सरकार विस्तृत जानकारी इस सदन को दे।

1 फिलहाल यह योजना केवल तीन व-र्ों के लिए ही लागू की गई है। केवल तीन व-र्ों के लिए गरीब जनता को सस्ता अनाज मुहैया कराने के पीछे क्या तर्क है। भवि-य को मद्देनज़र रखकर यह प्रावधान क्यों नहीं किया गया? अगले तीन व-र्ों के लिए जिन भूखे पेट में सरकार अन्न डाल रही है, उसके बाद क्या किया जाएगा। आधी अधूरी योजना क्यों बनाई जा रही है।

2 योजना का लाभ पाने का हकदार कौन होगा? यह तय करने की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार ने राज्यों पर छोड़ दी है? 13 फरवरी को इस बिल पर हुई बैठक में ज्यादातर राज्यों ने बिल को लेकर कड़ा विरोध जताया था, ऐसी मेरी जानकारी है। इस योजना पर करीब 36 हजार करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। राज्य सरकारें इस बोझ को उठाने में असमर्थता जाहिर कर चुकी हैं। ऐसे में इस योजना को लागू करना तो केन्द्र की हठधर्मिता नज़र आती है, पर राज्य सरकारों को इस योजना को लागू करने के लिए आवश्यक धन और अन्न का मुहैया कराया जाना दु-कर लगता है।

इस बिल के अनुसार लाभार्थियों को दो वर्गों में विभाजित किए जाने का प्रस्ताव है। प्राथमिकता श्रेणी वाले एवं आम परिवारों के आधार पर विभाजित किया गया है। इन दोनों विभाजित श्रेणी के परिवारों को अलग-अलग मूल्य पर अनाज मुहैया करवाये जाने का आधार? यह जो गरीबों परिवारों में भी विभाजन रेखा डाली जा रही है, यह उचित नहीं है।

आरंभ में यह योजना 150 जिलों में लागू की जाएगी और बाद में पूरे देश में। इसे एक साथ पूरे देश में लागू किए जाने में किस-कस प्रकार की कठिनाईयां हैं?

संयुक्त रा-ट्र द्वारा परिभानित गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या भारत में 41 करोड़ है। यह संख्या उन लोगों की है, जिनकी एक दिन की आदमनी 1.25 डालर (करीब 75 रुपए) से भी कम है।

इस स्कीम को 'आधार स्कीम' के तहत जोड़ा जाएगा। इसके तहत हर नागरिक को एक विशि-ट पहचान नम्बर दिया जाएगा, जो कि डाटाबेस से जुड़ा होगा। इसमें हर कार्डधारी का बॉयोमीट्रिक्स डाटा होगा। लेकिन अभी तो आधार कार्ड पूरी तरह से नहीं दिए जा सके हैं और न ही सभी नागरिकों को आधार कार्ड के तहत लाया ही जा सका है। जिनके कार्ड बने भी हैं, तो वह उन्हें अभी तक मिले ही नहीं है। अभी आधार कार्ड स्कीम पूर्णरूपेण लागू नहीं की जा सकी है। यह अलग से चर्चा का वि-नय है।

घर की सबसे बुजुर्ग महिला को परिवार का मुखिया ही क्यों माना गया है? अन्य सदस्यों को किस श्रेणी में रखा जाएगा? गर्भवती महिला और बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं को भोजन के अलावा अन्य मातृत्व लाभ में जो रूपयों का प्रावधन किया गया है, उसको कहां से सरकार दे रही है। यह भी विस्तृत जानकारी देने की माननीय मंत्री जी कृपा करें।

मनरेगा जैसी स्कीमों को भी अभी तक वह सफलता नहीं मिली जिसके सरकार द्वारा दावे किए गए। मनरेगा में भी व्यापक भ्र-टाचार की गाहे-बगाहे सूचनाएं मिलती ही रहती हैं। यह स्कीम भी भ्र-टाचार का ऐसा माध्यम न बन जाए कि बाद में हम खाद्य सुरक्षा बिल में हो रहे व्यापक घोटाले की चर्चा इसी सदन में करें। क्योंकि कुछ गिद्धों (जमाखोर, मुनाफाखोर और भ्र-टाचारियों) की दृ-टि इस योजना का गरीबों को लाभ न पहुंचाकर इस अनाज को काले बाजार में बेचने की योजनाएं बना ली गई होंगी अथवा बनाई जा रही होंगी।

यह योजना हड़बड़ी में लागू न की जाए इसके दुरूपयोग किए जाने पर कड़े प्रावधानों को भी साथ ही लागू किए जाने की क्या व्यवस्था सरकार कर रही है, उसको भी इस सदन को अवगत कराया जाए।

. गरीबों के लिए वितरण किया जाने वाला अनाज कालाबाजारियों द्वारा बाजार में न बेचा जाए ऐसे प्रावधानों की भी आवश्यकता है। प्रायः यह देखा गया है कि जो योजनाएं आम आदमी के लिए लागू की जाती हैं, उन्हें कालाबाजारियों और जमाखोरों द्वारा लागू ही नहीं होने दिया जाता। कुछ ऐसे भी मामले प्रकाश में आए हैं, जहां सड़ा-गला अनाज वितरित किया गया जो कि पशुओं के

खाने लायक भी नहीं था। यह सब भ्र-ट अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से संभव होता है। इन दु-परिणामों को रोकने के सख्त प्रावधान किए जाएं।

. मैंने अपने पहले के भा-णों में इस बात का जिक्र भी किया है कि अनाज के भंडारण के लिए ये एफसीआई के गोदामों की कोई आवश्यकता नहीं है। इतने गोदाम होने के बावजूद भी अनाज खुले आकाश के नीचे पड़ा रहता है और बरसात पड़ने पर सड़ने लगता है। हमारे पूर्वजों ने जो घर-घर में भंडारण की व्यवस्था की थी, यदि सरकार उसे भी बढ़ावा दे तो बेहतर होगा। इसमें नीम की पत्तियों के उपयोग का भी मैंने अपने पूर्व के भा-णों में जिक्र किया था।

खाद्य सुरक्षा बिल से यह ठीक है कि गरीबों को सस्ती दरों पर अनाज मिलेगा, कुपो-ण और भुखमरी की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी, परन्तु क्या हम ऐसी व्यवस्था का निर्माण नहीं कर रहे हैं जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति आलसी और निकम्मा हो जाए। जब उसे घर बैठे-बैठे अनाज मिलेगा तो क्या वह कामचोर और आलसी नहीं हो जाएगा। इन पहलुओं पर भी इस सदन द्वारा विशे-न ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह सही है कि अभी तो हम इस व्यवस्था के लागू करने से गरीब भूखी जनता के पेट में रोटी डालने का काम कर रहे हैं, परन्तु इस बिल के दूरगामी परिणामों पर भी सरकार को अवश्य ही विचार करना चाहिए।

मैं सबसे आवश्यक बात सदन और माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि यह योजना निश्चित रूप से उपयोगी है, परन्तु हमें उस अन्नदाता किसान की भी चिंता करनी होगी कि उस किसान को उसकी उपज का सही मूल्य मिले। किसान के हितों की रक्षा करना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए, क्योंकि वह चारों तरफ से इस समय मार खा रहा है और केवल बिचौलियों को ही लाभ मिल रहा है।

***श्री प्रेमदास (इटावा):** माननीय अध्यक्ष जी आज खाद्य सुरक्षा बिल पर चर्चा हो रही है । इसमें कुछ सुधार कि आवश्यक है । जो निम्न है ।

1. बीपीएल परिवारों को पुनः चयनित किया जाए ।
2. खाद्य सुरक्षा के साथ रोजगार का प्रबंध किया जाए ।
3. किसानों की उपज का वाजिब मूल्य दिया जाए ।
4. कानून में पादर्शिता होनी चाहिए जिससे भ्र-टाचार को रोका जाये
5. यह भी ध्यान दे कि कहीं मीड डे मिल जैसा हाल न हो
6 ग्रामीण क्षेत्र में और अधिक से अध्ध्क इस योजना से जुड़ना होगा
7 वितरण प्रक्रिया को भ्र-टाचार से मुक्त किया जाए
8 परिवारों की संख्या सफ होना चाहिए
9. ऐसा न हो यह बिल से लोगों को हीन भावना न बढ़े ।
10. ब्लॉक स्तर पर एक कमेटी बनाई जाये जिसमें जो वितरण हो उसकी समीक्षा हर माह की जाये और सत्य पाने पर तुरंत एफ आई आर दर्ज होनी चाहिए ।

* speech was laid on the Table

***श्री नवीन जिन्दल (कुरुक्षेत्र):** मैं National Food Security Bill, 2013 का पुरजोर समर्थन करता हूं । यह एक ऐतिहासिक विधेयक है, जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को खाद्य और पौ-टिक सुरक्षा प्रदान करके देश से भुखमरी एवं कुपो-ण को जड़ से खत्म करना है ।

हर व्यक्ति की तीन मूलभूत आवश्यकताएं हैं - रोटी, कपड़ा और मकान । कपड़े और मकान की समस्या के बारे में कुछ सोच-विचार की गुंजाइश होती है, परंतु कोई भी व्यक्ति अपनी भूख को टाल नहीं सकता । जब तक किसी व्यक्ति की पेट की भूख शांत नहीं होती, तब तक उस व्यक्ति में सफलता हासिल करने की भूख भी पैदा नहीं की जा सकती ।

सही कहा है महाकवि सूरदास जी ने -

भूखे पेट भजन न होए गोपाला,
ये पकड़ अपनी कंठी और माला ।

भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारी 125 करोड़ से भी अधिक जनसंख्या है । हमारे देश में सबको पर्याप्त भोजन मिल सके उससे भी अधिक अनाज का उत्पादन होता है । लेकिन दुख की बात है कि हमारे देश में आज भी भुखमरी व कुपो-ण की समस्या मौजूद है । एक भूखा व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की भूख मिटाने के लिए गलत काम करने के लिए मजबूर हो जाता है । इससे देश में अराजकता एवं अपराध बढ़ता है ।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 के अनुसार 'States shall regard raising the level of nutrition and the standard of living of its people and improvement of public health as among its primary duties.' एवं संविधान का 21वां अनुच्छेद हमारे देश के नागरिकों को जीने का अधिकार प्रदान करता है ।

हम जानते हैं कि भोजन का पर्याप्त मात्रा में मिलना इस अधिकार की पहली शर्त है जिसे आज हमारी यूपीए सरकार संसद के अनुमोदन से हर नागरिक का कानूनी हक बनाने जा रही है ।

यह वि-य मेरे दिल के बेहद करीब है । इस चर्चा के दौरान मैं फिलिपिंस के एक आध्यात्मिक गुरू Grand Master Choa kok Sui का विशे-न तौर पर उल्लेख करना चाहता हूं । उन्होंने अपने देश में इस दिशा में बहुत सकारात्मक कार्य किया है तथा उन्हीं से प्रेरित होकर 15 दिसंबर, 2006 को मैंने देश में भूखमरी और कुपो-ण को मिटाने के लिए एक गैर-सरकारी प्रस्ताव लोक सभा में

---

* Speech was laid on the Table

प्रस्तुत किया था । इस प्रस्ताव पर 16 मार्च, 4 मई और 31 अगस्त, 2007 को चर्चा हुई और माननीय सदन के सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया था ।

उसके बाद मैंने ये वि-नय माननीय कांग्रेस अध्यक्षा, श्रीमती सोनिया गांधी जी तथा हमारे माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के समक्ष भी रखा था ।

